

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का **तापमान**
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा के मद्देनजर जालंधर कैंट और आदमपुर बाजार बंद करने का आदेश

**जालंधर, (ए.)।** इन दिनों उत्तर भारत के ज्यादात्तर राज्यों में कई बदलाव हो रहे है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति को देखकर राज्यों ने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी कड़े इंतजाम किए है। इसी बीच जालंधर में जिला अधिकारियों ने एक परामर्श जारी कर निवासियों से कहा है कि वे भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ी हुई सुरक्षा के बीच एहतियात के तौर पर बड़ी सभाओं से बचें और घर के अंदर ही रहें। उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल ने घोषणा की कि जिले में मॉल और ऊंची व्यावसायिक इमारतें आज बंद रहेंगी। उपायुक्त अग्रवाल ने कहा, जालंधर कैंट और आदमपुर बाजार बंद करने का आदेश दिए गए है। परामर्श में निवासियों से खुले में जाने से बचने तथा ऊंची इमारतों में अनावश्यक रूप से घूमने से बचने को कहा गया है। अग्रवाल ने कहा, शांत रहें। उपरोक्त सभी एहतियाती उपाय हैं।

### सेना जल्द ही पाकिस्तान के जोश को ठंडा कर देगी: तेजस्वी यादव

**पटना, (ए.)।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश भर में एकजुटता का माहौल है। विपक्ष और सत्ता दोनों एक सुर में भारतीय सेना और मोदी सरकार के समर्थन में खड़े हैं। इसी कड़ी में बिहार के नवगछिया पहुंचे राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान देकर सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला समर्थन दिया है।

तेजस्वी ने कहा, भारतीय सेना पर पूरे देश को भरोसा है। हमारी सेना ने पहले भी पाकिस्तान को कई बार घुटने पर ला चुकी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए हैं, तब वह भारतीय सेना की ताकत से हुए हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में जब सीमा पर तनाव बढ़ रहा है, तब देश की हर राजनीतिक ताकत को सेना और सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि पक्ष हो या विपक्ष आज हर कोई एकजुट है। भारत की सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने में पूरी तरह सक्षम है और जल्द ही पाकिस्तान को ठंडा कर देगी। आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है।

### भारत के अटैक से पाकिस्तान के 4 एयरबेस तबाह, अभी इतने बाकी

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। पाकिस्तान ने बीती रात फतेह-2 मिसाइल और कई ड्रोन हमले किए। हालांकि भारत की सुरक्षा कवच ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। इस बीच पाकिस्तान आर्मी ने दावा किया है कि भारत ने छह बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। खबर है कि भारत ने पाकिस्तान के 4 एयरबेस को तबाह कर दिया है। जिसके बाद पाकिस्तान ने एयरबेस बंद कर नोटम जारी किया है। हालांकि, भारत सरकार की ओर से हमले को लेकर अभी कोई भी पुष्टि नहीं की गई है।

### बाड़मेर में हाई रेड अलर्ट : जिला कलेक्टर टीना डाबी ने लोगों से घरों में रहने की अपील की

**बाड़मेर ,ए.।** भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर में सुरक्षा एजेंसियों ने हाई रेड अलर्ट जारी किया है। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने शनिवार को एक आपात संदेश में नागरिकों से घरों में ही रहने और बाजार या सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचने की सख्त अपील की है। कलेक्टर डाबी ने कहा, स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी नागरिकों को अपने-अपने घर जाने का निर्देश दिया गया है। किसी भी अफवाह से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। जिले में हाई रेड अलर्ट की स्थिति है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा एजेंसियां पूरी मुस्तैदी से हालात पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी पूरी है। प्रशासन की ओर से स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक परिवहन को भी आंशिक रूप से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। बाड़मेर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### पंजाब सरकार ने 22 पीसीएस अधिकारियों का किया तबादला

**चंडीगढ़ ,ए.।** पंजाब सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव करते हुए 22 पीसीएस अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में सोमवार को एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# पाक नहीं आ रहा बाज, राजौरी में बरसाई गोलियां, विकास आयुक्त समेत 5 की मौत

## -सीएम अब्दुल्ला ने जताया दुख, भारत ने भी की पाकिस्तान की कई चौकियां नष्ट



**श्रीनगर, (ए.)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रह है। इसी बीच शनिवार सुबह श्रीनगर और आस-पास के इलाकों में पाकिस्तान से भारतीय जवानों की मुठभेड़ जारी रही। राजौरी, पुंछ और जम्मू जिलों में शनिवार सुबह पाकिस्तानी गोलाबारी में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राजकुमार थापा और उनके दो कर्मचारी राजौरी शहर में उनके सरकारी आवास पर एक तोप का गोला गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां राजकुमार थापा ने दम तोड़ दिया।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार को ही वह डिप्टी सीएम के साथ जिले में घूम रहे थे और ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए थे। शनिवार को अधिकारी के आवास पर पाकिस्तान ने गोलाबारी की, जिसमें अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राजकुमार थप्पा की मौत हो गई। वहीं सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस भयानक जान-माल के नुकसान पर दुख जताते हुए कहा कि इस सदमे को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। ईश्वर राजकुमार थापा की आत्मा को शांति दें और उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दें।

बता दें पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मिसाइल हमला किया। जम्मू एयर बेस, पठानकोट एयर बेस, श्रीनगर, ब्यास और उधमपुर पर फतेह-1 मिसाइल दागी गई। इन इलाकों में जोरदार धमाके सुनाई दिए। बीती रात अधिकारियों के मुताबिक एयरपोर्ट समेत कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के पास धमाके सुनाई दिए। जैसे ही धमाके सुने गए, शहर में सायरन बजने लगा। अधिकारियों ने बताया कि शहर और घाटी के ज्यादातर हिस्सों में बिजली बंद कर दी गई है। पाकिस्तान ड्रोन हमलों के साथ ही नौशहरा, पुंछ और कुपवाड़ा में एलओसी पर मोर्टार और गनों से रियासशी इलाकों को निशाना बना रहा है। भारतीय सेना इसका करारा जवाब दे रही है और पाकिस्तान से आने वाली हर मिसाइल को हवा में ही मार गिरा रही है।

भारत की और से जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की कई चौकियां नष्ट हो गई हैं। पाकिस्तानी हमले में एक भारतीय सैनिक शहीद हुआ है और पुंछ व आरएसपुरा में दो लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान सेना ने गुरुवार रात राजौरी, पुंछ, उरी, कुपवाड़ा व बारामुला सेक्टरों में मोर्टार और तोपों से गोले बरसाए जो शुक्रवार सुबह तक जारी थे।

### पाकिस्तान का दावा निकला झूठाः भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर नहीं किया हमला

**नई दिल्ली, (ए.)।** पाकिस्तान झूठ बोलने में माहिर है। अपने झूठ को सच साबित करने के लिए नीचे से नीचे गिर सकता है और कुछ भी कर सकता है। पाकिस्तान द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भारत को नुकसान पहुंचाने और साजिश रचने के लिए तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक दावा ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमले को लेकर किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है। पीआईबी के फैक्ट चेक ने इस दावे की पोल खोलकर रख दी है। पीआईबी ने फैक्ट चेक में बताया कि सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है, जबकि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। एक्स हैंडल पर फर्जी वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने के लिए ऐसे कंटेंट बनाए जाते हैं। कृपया सतर्क रहें। ऐसे वीडियो फॉरवर्ड न करें। इसके अलावा, एक पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया हैंडल ने भारतीय पायलट को पकड़ने का दावा किया, जो फर्जी निकला।

# पीएम मोदी ने ली हाईलेवल मीटिंग, सीडीएस समेत तीनों सेना प्रमुख रहे मौजूद



### -भारत ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ और फरेब को किया खारिज

**नई दिल्ली, (ए.)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की। यह बैठक पाकिस्तान के 26 भारतीय ठिकानों पर हमले के जवाब में शनिवार तड़के भारत द्वारा पाकिस्तान के चार एयरबेसों पर किए गए हमलों के बाद हुई। इससे पहले शनिवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच चल रहे घटनाक्रम के बारे में मीडिया को जानकारी दी।

विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा की जा रही कार्रवाइयों को बढ़ाने वाली और उकसाने वाली प्रकृति के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान की भड़काऊ कार्रवाइयों के सबूत पेश किए गए और साथ ही पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को भी उजागर किया गया। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान की कार्रवाई उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली थी।

जवाब में भारत ने जिम्मेदारी और संयम से बचाव किया और उनके हमलों का जवाब दिया। भारत ने पाकिस्तान के दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना अभियान को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय सैन्य संपत्तियों और बुनियादी ढांचे के विनाश का झूठा दावा किया गया था।

#### भारत-पाक तनाव पर संजय दत्त का संदेश

## आतंकवादी अब समझ लें कि ये देश झुकता नहीं




**मुंबई ,ए.।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम हमले का बदला लिया। इसको लेकर कई भारतीय कलाकारों ने सेना की प्रशंसा करते हुए इसे गौरवान्वित करने वाला क्षण बताया। इस कड़ी में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई के लिए अपना अटूट समर्थन जाहिर किया और भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि लड़ाई किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि उन लोगों के खिलाफ है जो भय और हिंसा फैलाते हैं। संजू बाबा के नाम से मशहूर एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारे लोगों पर लगातार हो रहे हमलों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हम बिना किसी हिचकिचाहट के,

### जम्मू-कश्मीर : महबूबा मुफ्ती ने जताया एडीसी की मौत पर दुख

**जम्मू, (ए.)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सीमा पार से हुई भारी गोलाबारी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है और इस हमले में राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राज कुमार थापा की मौत हो गई। जम्मू कश्मीर पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने उनके निधन पर दुख जाहिर किया है। पाकिस्तान की ओर से की गई इस गोलीबारी ने राजौरी शहर को निशाना बनाया गया जिसमें कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सीमा पार से गोलाबारी के कारण राजौरी में हमारे एक बहादुर अधिकारी- राज कुमार थप्पा एडिशनल डीसी की दुखद मौत के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ।

## सबका लक्ष्य नेशन फर्स्ट होना चाहिए, ये काम सिर्फ सेना के जवानों का नहीं है : सीएम योगी



**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शिक्षक धन्यवाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना चाहिए। हम अक्सर शिक्षा को अंकों तक सीमित कर देते हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण है। एक ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो, समाज के लिए प्रेरणा हो। उन्होंने कहा कि जब हम शिक्षा को संस्कारों और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ते हैं, तभी विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। विकसित भारत वह होगा, जहां हर नागरिक सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प देशवासियों को दिया है, उसमें शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक ऐसी पीढ़ी को गढ़ने का कार्य कर रहे हैं, जो आने वाले समय में न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होगी, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी मजबूत होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी के लिए नेशन फर्स्ट ही पहला मंत्र होना चाहिए।

यह काम सिर्फ देश के नेतृत्व, सेना के जवानों और

## 'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'

# पूरे विश्व में भूजल भंडारण का नया अध्याय लिखेगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश सरकार महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर कई क्षेत्रों में कार्य करेगी

### प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार में मूर्त रूप ले रही हैं अंतर्राज्यीय परियोजनाएंः मुख्यमंत्री श्री फडणवीस




"मध्यप्रदेश महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल" की 28वीं बैठक संपन्न

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि "तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना" विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंडवॉटर रीचार्ज परियोजना है। यह एक अनूठी परियोजना है जो पूरे विश्व में भूजल पुनर्भरण का नया अध्याय लिखेगी। इससे प्रदेश के बड़े क्षेत्र विशेष रूप से निमाड़ का भूजल स्तर बढ़ेगा और यह वहां के लिए जीवन दायिनी सिद्ध होगी। इससे मध्य प्रदेश के लगभग 01 लाख 23 हजार तथा महाराष्ट्र के 2 लाख 37 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा विकसित होगी। यह सौभाग्य का विषय है कि आज महाराष्ट्र सरकार के साथ इस परियोजना के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। दशकों से रूकी पड़ी मेगा रिचार्ज योजना की दिशा में हम आगे बढ़े हैं। पहले भी केन-बेतवा तथा पार्वती काली सिंध चंबल परियोजनाओं की दशकों से अटकी परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। एमओयू के उपरांत दोनों राज्य सरकारें भारत सरकार को तापी मेगा रिचार्ज योजना को अंतर्राज्यीय राष्ट्रीय सिंचाई परियोजना की स्वीकृति के लिए अनुरोध करेंगी।

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने ÷तापी बेसिन मेगा रीचार्ज÷ परियोजना के एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए। इसके पहले मंत्रालय वल्लभ भवन में ÷मध्यप्रदेश महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल" की 28वीं बैठक में "तापी बेसिन मेगा रीचार्ज" परियोजना सहित दोनों राज्यों की अन्य सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में चर्चा हुई और निर्णय लिए गए।

कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महाराष्ट्र के जल संसाधन मंत्री श्री गिरीश महाजन, जनजातीय कल्याण मंत्री श्री कुंवर विजय शाह, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा तथा महाराष्ट्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा मध्य प्रदेश नदियों का मायका है तथा यहां 247 से अधिक नदियां प्रवाहित होती हैं। हमारी जल राशियों में अथाह गहराई है। गत लगभग 25 वर्षों से मध्य प्रदेश की कई अंतरराज्यीय परियोजनाएं राज्यों के बीच आपसी सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन सभी परियोजनाओं को अब गति मिली है। राजस्थान सरकार के साथ पार्वती कालीसिंध चंबल परियोजना तथा उत्तर प्रदेश सरकार के साथ केन बेतवा लिंक परियोजना के बाद महाराष्ट्र सरकार के साथ ÷तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना÷ न केवल संबंधित राज्यों अपितु पूरे देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पार्वती कालीसिंध चंबल और केन बेतवा लिंक परियोजना की तरह ही इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए अब हम प्रधानमंत्री श्री मोदी के पास जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि वे हमारी बात को स्वीकार करेंगे। इससे इन दोनों परियोजनाओं की ही तरह इस परियोजना के लिए भी 90त्न राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री फडणवीस के आगमन पर आभार व्यक्त किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कई दशकों से भारत में कई अंतरराज्यीय नदी परियोजनाएं राज्यों के बीच आपसी सहमति न होने के कारण अटकी हुई थीं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद अब ये योजनाएं मूर्त रूप ले रही है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सक्रियता के कारण आज 25 साल बाद मध्य प्रदेश महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की बैठक हुई है और उसमें तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना एवं अन्य सिंचाई योजनाओं पर सहमति बनी है। यह दोनों राज्यों के लिए अत्यंत लाभकारी है।

### संभल हिंसा में कथित रूप से शामिल तीन युवकों को कोर्ट ने दी सशर्त जमानत

**प्रयागराज, (ए.)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में हुई हिंसा में कथित तौर पर शामिल रहे तीन युवकों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति डॉक्टर गौतम चौधरी ने गुरुवार को इन युवकों की जमानत मंजूर दी थी। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि संभल घटना के संबंध में 700-800 अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि जब वे पथराव कर रहे थे, अचानक एक व्यक्ति ने गोली चला दी जिससे एक पुलिसकर्मी के पैर में गोली लगी थी। वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता पूरी तरह से निर्दोष हैं और मौजूदा मामले में इन्हें झूठा फंसाया गया है। घटना में इनकी कोई विशेष भूमिका नहीं है। साथ ही गोली व्यक्ति के पैर में लगी जिससे उसकी जान को कोई खतरा नहीं हुआ। कोर्ट को इस बात के लिए भी आश्वस्त किया गया कि याचिकाकर्ता कानूनी प्रक्रिया में हर तरह का सहयोग करने को तैयार हैं और जब भी जरूरत होगी, कोर्ट के सामने हाजिर होंगे। साथ ही वे सभी तरह की शर्तें स्वीकार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपी 28 नवंबर, 2024 से जेल में बंद हैं और उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि सभी तथ्यों और परिस्थितियों, आरोपों की प्रकृति और अपराध की गंभीरता पर विचार करते हुए यह जमानत का मामला बनता है। इसलिए जमानत मंजूर की जाती है।

# संतोष कुमार शर्मा इन्टैक की चैप्टर डिवीजन सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**ललितपुर।** ललितपुर-इन्टैक के चैयरमैन अशोक ठाकुर ने इन्टैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक सन्तोष कुमार शर्मा को इन्टैक की राष्ट्रीय स्तरीय चैप्टर डिवीजन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। सन्तोष कुमार शर्मा अनेक वर्षों से ललितपुर एवं बुन्देलखण्ड की विरासतों को बचाने, संरक्षित करने तथा पर्यटन विकास के लिये बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने यहां की धरोहर एवं पर्यटन को राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने, विगत 15 वर्षों से लगभग 20 लाख लोगों को अपनी विरासतों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया हैं उनके द्वारा ललितपुर की धरोहरों एवं पर्यटन पर बनायी फिल्म को सारे देश में सराहना मिली। इन्टैक के माध्यम से 200 विरासत स्थलों का सूचीकरण कराया तथा 1,11,000 पेड़ रोपे गये।

उनके प्रयासों से शासन ने अनेक पर्यटन स्थलों के विकास हेतु धन उपलब्ध कराया। वे अभी भी विरासत स्थलों एवं पर्यटन विकास हेतु हर संभव प्रयास कर रहे हैं तथा विगत 10 वर्षों से विदेशी सैलानियों को बुलाकर बुन्देलखण्ड की संस्कृति से रूबरू करा रहे हैं।

देशभर में कार्यरत चैप्टरों की मानिटरिंग करने वाली इन्टैक की इस महत्वपूर्ण कमेटी की संयोजक हिमाचल प्रदेश की संयोजक तथा राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालविका पठानिया तथा सन्तोष कुमार शर्मा के अलावा नागालैण्ड की प्रदेश संयोजक पद्मश्री सुश्री सेन्टिला टी. यांगर, उत्तराखण्ड राज्य संयोजक सुश्री अंजलि भारधारी, अनिल कुमार धीर संयोजक भुवनेश्वर, डा.दीपेन्द्र शर्मा संयोजक धार (मध्य प्रदेश), डा.अरूण टी. मिस्किन संयोजक बागलकोट, रामकुमार संयोजक अनन्तपुर (आन्ध्र प्रदेश) तथा ग्रुप कैप्टन अरविन्द शुक्ला को सदस्य बनाया गया है।

इन्टैक ललितपुर के सदस्यों पुरातत्व एवं पर्यटन प्रेमियों, पत्रकार तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों ने शर्मा को मनोनीत करने पर खुशी जाहिर करते हुये इन्टैक के चैयरमैन का आभार व्यक्त किया।

# परिवार न्यायालय के प्रयासों से 19 वर्ष बाद फिर बसा घर

**अलीगढ़।** अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय से ज्ञानेंद्र सिंह की अदालत में भरण पोषण का वाद प्रस्तुत किया गया। नाबालिग एक पुत्री भी बदिया के पास है। न्यायालय में 23 नवम्बर 2006 को वाद दायर किया गया और कोर्ट द्वारा 23 नवम्बर 2007 को भरण पोषण के लिए आदेश हुए, परंतु विपक्षी ने कोई भरण पोषण नहीं दिया। वादियां की शादी विपक्षी के साथ 4 मई 2003 को हुई थी। वादियां थाना अकराबाद थाना क्षेत्र की निवासी है तथा विपक्षी थाना बन्नादेवी क्षेत्र का निवासी है। वाद दायर करने के समय वादिया की उम्र करीब 26 वर्ष थी तथा विपक्षी की उम्र 28 वर्ष थी। दहेज के लालच में मारपीट करके विपक्षी पति ने वादियां को घर से निकाल दिया। विपक्षी रेडीमेड कपडों का कार्य करता है। वादियां ने भरण पोषण की रिकवरी हेतु धारा 128 सीआरपीसी का वाद दिनांक 3 जनवरी 2008 को दायर किया। पत्रावली पर काफी समय बाद उपस्थित आया कोर्ट ने अनेकों बार रिकवरी वारंट जारी की। एसएसपी अलीगढ़ को भी पत्र भेजे, लेकिन विपक्षी पति काफी लंबे अंतराल के बाद पत्रावली पर उपस्थित आया। विपक्षी पति ने कोई भी भरण पोषण वादिया को नहीं दिया। कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए दी। काउंसलिंग में सुलह काफी प्रयास किया गया और पति-पत्नी अपनी पुत्री के साथ साथ साथ रहने को राजी हुए और कोर्ट से हंसी-खुशी साथ-साथ चले गए। वादिया ने केस अपना वापस ले लिया है। सबसे पुराना केस है, जिसमें 19 वर्ष वाद साथ साथ परिवार मिलाया है। उक्त जानकारी काउंसलर योगेश सारस्वत एडवोकेट तथा योगेश शंकर भारद्वाज द्वारा दी गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 106263 वादों का निस्तारण कर रू0 240456603 की धनराशि तय की गयी



**अलीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज दिनांक 10-05-2025, दिन शनिवार, को प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय, अलीगढ़ में वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ माननीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ श्री अनुपम कुमार द्वारा, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्री रनधीर सिह, पीठासीन अधिकारी वाणिज्यिक न्यायालय श्री विवेक त्रिपाठी, एवं पीठासीन अधिकारी मोटरयान दावा अधिकरण श्री जयसिंह पुण्ढीर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय अलीगढ एवं परिवार न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहें। इसके साथ ही साथ इस अवसर पर दि अलीगढ बार एसोसिऐशन के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, दि सिविल बार एसोसिऐशन के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार सक्सैना एवं दि अलीगढ बार एसोसिऐशन के महासचिव श्री दीपक बंसल भी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीगढ के सचिव नितिन श्रीवास्तव, अपर जिला जज द्वारा जानकारी देते हुये अवगत कराया गया कि वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में श्री अनुपम सिंह, जिला न्यायाधीश, अलीगढ द्वारा 02 वाद का निस्तारण कर रू 500/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री रणधीर सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय अलीगढ़ द्वारा 22 पारिवारिक वाद का निस्तारण किया गया, श्री जय सिंह पुंण्ढीर, पीठासीन अधिकारी, मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण, अलीगढ़ द्वारा 128 वाद का निस्तारण कर रूपया 73680196/-का प्रतिकर लगाया गया, श्री हरविन्द्र सिंह, अपर जिला जज कोर्ट सं0-01 द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर रू0 500/-अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री सुभाष चन्द्रा-टप्प्, विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट), अलीगढ द्वारा 06 वाद का निस्तारण कर रू0 2400/-अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री राकेश वशिष्ठ, अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-03 द्वारा 03 वाद का निस्तारण किया गया, श्री संजय कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) द्वारा 122 वाद का निस्तारण कर रू0 457200/- का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री अभिषेक कुमार बागड़िया, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो), अलीगढ द्वारा 10 वाद का निस्तारण कर रू0 5000/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती पारूल अत्री, अपर जिला जज कोर्ट सं0-4(गैगस्टर), अलीगढ़ द्वारा 02 वाद का निस्तारण कर रू0 25500/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री रवीश अत्री, अपर जिला जज, कोर्ट सं0-05(एनडीपीएस), अलीगढ़ द्वारा 09 वाद का निस्तारण कर रू0 500/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री नवल किशोर सिंह, अपर जिला जज कोर्ट सं0-06 अलीगढ़ द्वारा 02 वाद का निस्तारण किया गया, श्री प्रदीप कुमार जयंत, अपर जिला जज कोर्ट सं0-11 अलीगढ़ द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर रू0 12000/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री प्रदीप कुमार राम, अपर जिला जज(पोक्सो एक्ट) कोर्ट सं0-02 द्वारा 02 वाद का निस्तारण कर रू0 1000/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री अनिल कुमार-टप्प्, अपर जिला जज(पोक्सो एक्ट) कोर्ट सं0-01 द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर रू0 500/- अर्थदण्ड वसूल किया, श्री विनय तिवारी, अपर जिला जज(पोक्सो एक्ट) कोर्ट सं0-03 द्वारा 07 वाद का निस्तारण कर रू0 5000/- अर्थदण्ड वसूल किया, श्री अमित कुमार तिवारी, अपर जिला जज कोर्ट सं0-14 अलीगढ द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर रू0 15000/- अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती अंजू राजपूत, अपर जिला जज (एफटीसी) कोर्ट सं0-01 अलीगढ़ द्वारा 03 वाद का निस्तारण कर रू0 2000/- अर्धदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती ललिता गुप्ता, अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट सं0-04 द्वारा 37 पारिवारिक वाद का निस्तारण किया गया, श्री ज्ञानेन्द्र सिंह-द्वितीय, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कोर्ट सं0-02 अलीगढ़ द्वारा 41 पारिवारिक वाद का निस्तारण किया गया, श्रीमती रचना, अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट सं0-01 द्वारा 25 पारिवारिक वाद का निस्तारण किया गया, श्री अशोक कुमार सिंह-प्, लघुवाद न्यायाधीश द्वारा 07 वाद का निस्तारण किया गया, श्री शिवम कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 14576 वादों का निस्तारण कर रू0 150100/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती नेहा रूंगटा, सिविल जज(सी0डि0), अलीगढ द्वारा 25 वाद का निस्तारण कर रू0 5181308.24/-का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया, श्रीमती संगीता-प्, सिविल जज(सी0डि0), अतरौली द्वारा 248 वाद का निस्तारण कर रू0 33430/- का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री गजेन्द्र सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट सं0-1 अलीगढ़ द्वारा 2055 वाद का निस्तारण कर रू0 65300/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती कृति सिह, अपर सिविल जज(सी0डि0), कोर्ट सं0-1, अलीगढ़ द्वारा 1046 वाद का निस्तारण कर रू0 5700/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री शिवांक सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट(रेलवे) द्वारा 1152 वादों का निस्तारण कर रू0 185950/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती राशि तोमर, सिविल जज(सी0डि)/एफ.टी.सी, अलीगढ़ द्वारा 16 वाद का निस्तारण किया गया, श्री गंधर्व पटेल सिविल जज(जू0डि0) इगलास द्वारा 293 वाद का निस्तारण कर रू0 622910/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री अखिलेश कुमार निज़्वान, सिविल जज(जू0डि0), अतरौली द्वारा 174 वाद का निस्तारण कर रू0 6800/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री रजत सिंह यादव, सिविल जज(जू0डि0), कोल द्वारा 17 वाद का निस्तारण किया गया, श्रीमती सौम्या मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट सं0-01 द्वारा 2010 वाद का निस्तारण कर रू0 413500/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती विधि सिघंल, सिविल जज(जू0डि0), हवाली द्वारा 04 वाद का निस्तारण कर रू0 421018.99/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री सौरभ मंडलोई, सिविल जज(जू0डि0) खैर, द्वारा 300 वाद का निस्तारण कर रू0 3000/-का अर्थदण्ड वसूल किया, सुश्री यशस्वी सिंह, अपर सिविल जज(जू0डि0) कोर्ट सं0-01 द्वारा 101 वाद का निस्तारण किया, श्रीमती ज्योति वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट सं0-02 द्वारा 1245 वाद का निस्तारण कर रू0 4175/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री विजय चौधरी, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट सं0-03 द्वारा 2240 वाद का निस्तारण कर रू0 900/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्रीमती महिमा सिंह, अपर सिविल जज(जू0डि) कोर्ट सं0-02 द्वारा 2010 वाद का निस्तारण किया गया, श्री मोहित नरवाल, न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, गभाना द्वारा 145 वाद का निस्तारण कर रू0 4600/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री आशुतोष वर्मा, अपर सिविल जज(जू0डि0) कोर्ट सं0-03 द्वारा 2191 वाद का निस्तारण कर रू0 1500/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री आशीष सिंह, सिविल जज(जू0डि0)/एफटीसी, कोर्ट सं0-02 द्वारा 1925 वाद का निस्तारण कर रू0 1000/-का अर्थदण्ड वसूल किया गया, श्री रईस अहमद, पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त न्यायालय द्वारा 53 वाद का निस्तारण कर रू0 19154605/-की समझौता धनराशि तय की गयी, श्री राम किशन शर्मा, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट सं0-01 द्वारा 374 वाद का निस्तारण कर रू0 15300/-का अर्थदण्ड वसूल किया, श्री प्रेम नारायन कुलश्रेष्ठ विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 72 वाद का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद अलीगढ के समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल- 32703 वादों का निस्तारण करते हुये कुल रू0- 100478393.23( दस करोड चार लाख अठ्त्तर हजार तीन सौ तिरानबे रूपये तेईस पैसे) जुर्माना के रूप में वसूल किये गये। स्थायी लोक अदालत, अलीगढ़ द्वारा 24 वाद का निस्तारण कर रू0 2626000/- धनराशि तय की गयी, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा 06 वाद का निस्तारण कर रू0 1372682/- की धनराशि तय की गयी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीगढ़ में प्रस्तुत प्री-लिटिगेशन वैवाहिक वाद में 110 वादों का निस्तारण किया गया तथा 13 जोडे साथ-साथ गये। इसके अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 09 जोडे एवं अन्य समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 25 जोडे को साथ-साथ उनके घर भेजा गया। समस्त बैंक एवं प्रशासन द्वारा प्री-लिटिगेशन एवं अन्य के माध्यम से कुल 73450 वादों का निस्तारण करते हुये कुल रू0 139978210/- की समझौता राशि तय की गयी। इस प्रकार जिला अलीगढ़ से आज दिनांक 10-05-2025 दिन शनिवार को आयोजित वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 106263 वादों का निस्तारण कर कुल रू0 240456603.23/- ( चौबीस करोड़ चार लाख छप्पन हजार छः सौ तीन रूपये तेईस पैसे) की धनराशि तय की गयी।

# खेरागढ़ में पीड़ित दलित परिवार को सांसद चाहर ने दी एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** खेरागढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 अप्रैल को देर रात्रि एक युवक ने 12 साल की नाबालिग बच्ची का घर से अपहरण कर कुछ दूरी पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया था जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर 21 अप्रैल को युवक को गिरफ्तार जेल भेज दिया था। घटना के बाद वाल्मीकि समाज के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे सांसद राजकुमार चाहर ने पीड़ित परिवार का हालचाल जानने बाद पीड़िता के लिए अपने निजी मद से एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा की थी जिसके बाद शनिवार को सांसद राजकुमार चाहर खेरागढ़ में वाल्मीकि समाज की पीड़ित बालिका के घर पहुंचे और पीड़िता के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहयोग किया जो बिटिया के विवाह के समय पर काम आ सकें। साथ ही परिवार के पालन पोषण के लिए एसडीएम ॠषिराव से वार्तालाप की। यह मदद उन्होंने पीड़िता के बालिग होने पर उसके विवाह के लिए सौंपी जिसके लिए इन रुपयों की एफडी कराई जाएगी। साथ ही पीड़िता की आगामी शिक्षा के खर्चे के वहन की जिम्मेदारी चेयरमैन सुधीर गर्ग गुड्डू ने ली। इस दौरान पूर्व विधायक महेश गोयल, एसडीएम ॠषिराव, नायब तहसीलदार विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर पाराशर, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश गर्ग, मोहन गोयल, राजीव जैन, राजू लवानिया,हरीश त्यागी, एसएसआई हरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अतिरिक्त पेंशन भुगतान की स्थिति में वसूली के लिए वित्त विभाग के निर्देश

## संसदीय कार्य एवं वित्तमंत्री उत्तर प्रदेश, श्री सुरेश खन्ना ने वीसी कर एसटीओ को अतिरिक्त धनराशि रिकवरी के दिए निर्देश

**अलीगढ़।** वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की मृत्यु उपरांत पेंशन के अतिरिक्त भुगतान की रोकथाम एवं वसूली से संबंधित विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जैसा कि सर्वविदित है, पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर द्वारा प्रतिवर्ष जीवन प्रमाण-पत्र कोषागार में प्रस्तुत किया जाता है, जो एक वर्ष तक वैध होता है। इस अवधि में कोषागार द्वारा नियमित रूप से पेंशन का भुगतान किया जाता है। किंतु कई बार पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर के निधन की सूचना उनके परिजनों द्वारा समय से कोषागार को नहीं दी जाती, जिससे मृतक के खाते में पेंशन की धनराशि निरंतर प्रेषित होती रहती है। इस प्रकार किया गया अतिरिक्त भुगतान शासकीय धन की हानि की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में कोषागार द्वारा नियमानुसार वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। कई बार देखा गया है कि परिजन जानबूझ कर मृतक के खाते से अतिरिक्त धनराशि निकाल लेते हैं, जो कि स्पष्टतः अपराध की श्रेणी में आता है, एवं ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु होने पर, परिजनों को अनिवार्य



रूप से तत्काल कोषागार को सूचना देना आवश्यक है। यदि मृत्यु उपरांत पेंशन की अतिरिक्त धनराशि मृतक के खाते में जमा हो गई हो, तो संबंधित परिजन उसे बैंक ड्राफ्ट अथवा संबंधित बैंक खाते के माध्यम से शीघ्र कोषागार में जमा करें। यदि कोई परिजन अतिरिक्त धनराशि का उपभोग करता है और उसे वापस नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध वसूली की कार्रवाई भू-राजस्व की भांति की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित परिजन स्वयं उत्तरदायी होंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार ने जनहित में यह अपील की है कि सभी पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजन इस विषय में सजग एवं उत्तरदायी रहें, ताकि शासकीय धन की हानि से बचा जा सके।

**जिले के कोषागार का 63 पेंशनर्स से 3042160 रुपया (तीस लाख बयालीस हजार एक सौ साठ) अतिरिक्त वापस आना है :**

वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार ने बताया है कि नजमा खान कासिमपुर 8202, अमृत लाल भीमनगर हरदुआगंज 3158, कुंवर पाल शर्मा यशोदा रोड हापुड 361152, ओमवती मित्र नगर गूलर रोड 57092, सुरेंद्र पाल सिंह क्वार्सी 123700, बर्फी देवी कासिमपुर 211939, रामकटोरी साथा 122349, सुखेंद्र सिंह नगोला जवा 111678, होशियार सिंह शाहपुर बरोठा 180449, हरपाल सिंह करवा गवा बदायूं 134966, ओंकार सिंह नई आबादी जीटी रोड सरसौल 110007, कमलेश देवी विकास नगर एटा चुंगी 92796, प्रेमवती पाली राजापुर 103975, ओमवती कासिमपुर 57252, राधेश्याम राम विहार कॉलोनी टूंडला रोड मंडी समिति आगरा 17250, ओमवती भटौली 137223, कमलेश कुमारी गौतम घोड़ा उत्तर पूर्व दिल्ली 82220, प्रकाश चंद गौड़ विनय नगर 17409, ओम प्रकाश सुबकरा 25062, करण सिंह गगदा पोस्ट पाइंदपुर 145465 रुपया सहित जिले के कोषागार से 63 पेंशनर्स से 3042160 रुपया (तीस लाख बयालीस हजार एक सौ साठ) अतिरिक्त वापस आना है।

# थ्रेसर पर काम करने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम चढ़रऊ निवासी निकेत निरंजन पुत्र भजनलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 26 मार्च को रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने खेत से घर वापस आ रहा था। वह जैसे ही गांव में खुन्नी कुम्हार के घर के पास पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद शंकर पुत्र पचू बिलवार (निरंजन), राहुल पुत्र नन्दकिशोर निरंजन, रवि पुत्र प्रकाश निरंजन, नीरज पुत्र ढिल्ले कुशवाहा मिले और उसे थ्रेसर पर काम करने की बात कहते हुये शंकर के खेत में लेकर पहुंचे। जहां वह थ्रेसर पर कार्य कराने लगा।बताया कि जब उसने थ्रेसर पर काम करने को मना किया तो उक्त लोगों ने उसक साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352 व 118 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पाकिस्तान में हुए एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बैठक सम्पन्न

## होटलों में सुरक्षा व निगरानी उपकरणों को सुदृढ़ करने व संदिग्ध की सूचना पुलिस को देने के निर्देश

**ललितपुर।** पाकिस्तान में हुई एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाये जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, खाद्यान्न व अन्य आकस्मिक विभागों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए आवश्यक है कि जिला प्रशासन के साथ-साथ आम लोग भी सतर्क एवं जागरुक रहें, इसके लिए जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आकस्मिकता वाले विभाग अपने संसाधनों को सक्रिय व किसी भी स्थिति के लिए उपलब्ध रखें। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, खाद्यान्न सहित अन्य विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दें, किसी भी स्थान पर आवश्यक वस्तुओं यथा खाद्यान, ईंधन आदि का भण्डारण न होने दें, इसके लिए भण्डारण गृहों का निरीक्षण करते रहें, किसी भी स्थान पर अधिक भीड़ एकत्र न हो, जनपद में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे और निर्धारित प्वाइंट्स पर अग्निशमन वाहनों एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता रहे। इसके अलावा अति संवेदनशील क्षेत्र-बाधों, बड़ी पेयजल योजनाओं, विद्युतघरों एक्सप्लोसिव्स आदि की कड़ी निगरानी की जाए, सीसीटीवी कैमरे व स्टॉफ को संवेदीकृत किया जाए। नो ड्रोन जोन में ड्रोन प्रतिबंधित रहे, शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में ड्रोन संचालकों की बैठक कर उनसे भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करायें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि जनपद पूरी तरह सुरक्षित है, डरने की आवश्यकता नहीं है, केवल सतर्क रहना है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपाय करने हैं। आमजन सोशल मीडया के इस्तेमाल पर विशेष सतर्कता बरतें, अफवाहों पर ध्यान न दें, केवल अधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें और जिला प्रशासन द्वारा बताये गए तरीकों पर अमल करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान स्थिति के दृष्तिगत भारत सरकार द्वारा चिन्हित जिलों में झांसी और सागर जनपद शामिल हैं, चूंकि हमारा जनपद इन दोनो जिलो के बीच स्थित हैं, इसलिए हमें भी हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद से गुजरने वाला एनएच-44 संवेदनशील है, इसलिए एनएचएआई के अधिकारी सुरक्षा के पुप्ता इंतजाम करें। अति संवेदनशील व संवेदनशील क्षेत्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है, ऐसे स्थानों पर प्रत्येक व्यक्ति की चैकिंग की जा रही है। होटल संचालक अपने होटलों में सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करें, सीसीटीवी कैमरे लगायें, जो रिसेप्शन व गैलरी एरिया कवर करें, हर व्यक्ति की एंट्री रजिस्टर में दर्ज करें और आधार कार्ड लें, अगर कोई संदिग्ध लगे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। एडीएम ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख प्रतिष्ठानों/क्षेत्रों को सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील व संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा सिविल डिफेंस में जनपद के संगठन, सिक्योरिटी एजेन्सियां, पीआरडी, नेहरु युवा केन्द्र के दल, आपदा मित्र आदि को शामिल करते हुए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम तालबेहट भूपेन्द्र सिंह, एसडीएम महरौनी राजबहादुर, एसडीएम पाली सानिया सैयद, सीएफओ डा.मतलूब अहमद, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजेश कुमार एवं विजय चंद्रा, सहा.आयुक्त खाद्य सुरक्षा विनोद कुमार शर्मा, स्टेशन स्टाफ ऑफीसर तालबेहट पवन कुमार, डीआईओ एनआईसी अर्पित जैन, एआरटीओ राजेश कुमार, एलआईयू इंसपेक्टर अंकित कुमार शुक्ला, आरपीएफ इन्सपेक्टर अर्जुन कुमार यादव, डिवीजन इंजी.बीएसएनएल एसके अहिरवार, कर निर्धारण अधिकारी नपा राजेन्द्र प्रसाद, एजीएम भारत एक्सप्लोसिव जितेन्द्र निगम एवं जनपद के होटल संचालक व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वायु विहार में सड़क धंसने से ट्रोला पलटा नव निर्मित सड़क मानसून की पहली वारिश से धंस गई

## पिछले माह ही बनकर हुई थी तैयार
## वायु विहार सड़क निर्माण के लिए 7.91 करोड़ का जारी हुआ था टैंडर
## त्रिसदस्यीय जांच कमेटी से हो सड़क की गुणवत्ता की जॉच
## विजयपाल नरवार- सचिव, वायु विहार सड़क संघर्ष समिति आगरा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** नव निर्मित वायु विहार सड़क पर बाबू जी चौराहे के पास रतन पैलेस के सामने बजरी से भरा ट्रोला सड़क धंसने से पलट गया। ट्रोला पलटने से बजरी फैल गई तथा डिवाइडर भी टूट गया। रास्ता कुछ घंटे के लिए बंद रहा। जेसीबी से ट्रोला को सीधा करके निकाला गया। ट्रोला राजस्थान का बताया गया है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। वायु विहार से बाबू जी चौराहे तक 100 फुटा वायु विहार मार्ग पथौली क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। यह सड़क दिल्ली- आगरा राजमार्ग को जयपुर - आगरा राजमार्ग से जोड़ती है। इस सड़क से अंतर्राज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटक एवं यात्री गुजरते हैं। यह सड़क एडीए ने वर्ष 2007 में बनाया था। 2015 से यह टूटा हुआ था। इस पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे। बारिश के दिनों में गड्ढों में गिरने की वजह से आए दिन दुर्घटना होती रहती थी। स्थानीय लोगों ने संघर्ष के लिए वायु विहार सड़क संघर्ष समिति बनाई थी जिसने सड़क पर उतरकर सड़क के गड्ढों के साथ तख्तियों के साथ आंदोलन किया था। बात शासन तक पहुंची और सड़क के की निर्माण के लिए एडीए ने पिछले वर्ष अगस्त में 7.91 करोड़ का टेंडर जारी किया था। अप्रैल 2025 तक सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होना था। अभी भी डिवाइडर पर पीली और काली पट्टी बनाने का कार्य चल रहा है। वायु विहार की यह सड़क मानसून की पहली वारिश से पूर्व ही धंस गई। वायु विहार सड़क संघर्ष समिति ने पहले भी खराब निर्माण के आरोप लगाए थे। वायु विहार सड़क संघर्ष समिति आगरा के सचिव विजयपाल नरवार ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता की त्रिसदस्यीय समिति से जॉच कराने की मॉंग की है।

# सीमंधर जिनालय में हुआ शान्ति विधान

## स्व.बाबूलाल दिवाकर की पुण्यतिथि पर की विश्व शान्ति की कामना

**ललितपुर।** शतायु समाजसेवी स्व.बाबूलाल दिवाकर की प्रथम पुण्य तिथि पर घंटाघर के समीप श्रीसीमंधर जिनालय में श्रीशॉंति विधान का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन कर अर्घ्य समर्पित किये गये। देश की विजय की कामना की गयी। श्रीशान्ति विधान में पुजारी राजेन्द्र जैन ने अर्घ्य समर्पित कराये और ऊषा बानौनी ने मंत्रों का वाचन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा भारत पाकिस्तान युद्ध में देश की विजय, आतंकवाद का समापन और विश्व शान्ति की कामना की गयी। सर्वजन के कल्याण भाव से चौबीस तीर्थंकरों सहित विद्यमान बीस तीर्थंकरों को नमन कर अर्घ्य चढ़ाये गये। सभी तीर्थों की वंदना की गयी। नयी वेदी निर्माण पर चर्चा की गयी। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ.महेन्द्र जैन, प्रबंधक ॠषभ टडैया, कोषाध्यक्ष अक्षय टडैया, सुरेन्द्र दिवाकर, रवीन्द्र दिवाकर, अक्षय दिवाकर, नीलेन्द्र जैन गदयाना, शुभ्रम दिवाकर, सजल दिवाकर, सुमेर चौधरी, राकेश अनौरा,

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, जिसमें कुल-463870 वादों का किया गया निस्तारण

**सांध्य पहल संवाददाता**





**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद आगरा में किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय जनपद न्यायाधीश श्री संजय कुमार मलिक द्वारा दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अपर जनपद न्यायाधीशगण द्वारा अन्य प्रकृति के 247 बादो का निस्तारण किया गया जिसमें जुर्माना धनराशि 182900/- अधिरोपित की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय व अतिरिक्त परिवार न्यायालयों द्वारा 97 यादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी मोटर दुघर्टना दावा अधिकरण के द्वारा 190 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें पीड़ित पक्षों को 160552608/- रूपये की प्रतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई। इस लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे) / अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज/अपर सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य न्यायालयों द्वारा कुल-12477 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जुर्माना धनराशि-3343760/- रूपये अधिरोपित की गई। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग-प्रथम व द्वितीय, स्थायी लोक अदालत, कॉमर्शियल कोर्ट-प्रथम व द्वितीय के द्वारा कुल-39 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें धनराशि-2514050/- रूपये अधिरोपित की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी कचहरी, आगरा के अलावा तहसील स्तर पर भी किया गया, जिसमें राजस्व से सम्बन्धित कुल 274221 वादों का निस्तारण कलेक्ट्रेट एवं तहसील स्तर के न्यायालयों द्वारा किया गया तथा यातायात चालान कुल-4215 तथा अन्य प्री-लिटिगेशन से सम्बन्धित कुल 171810 वादों का निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत में विभिन्न बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावत, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, सिंडिकेट बैंक, भारतीय संचार निगम लिमिटेड, अन्य फाइनेन्स कम्पनी आदि के कुल 764 वादों का निस्तारण प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के माध्यम से किया गया, जिसमें समझौता धनराशि-124710000/- रूपये सम्मिलित है। इस आयोजन में आने वाले आम जनमानस की सुविधा हेतु जगह-जगह पूछताछ केन्द्र बनाये गये जिस पर नामित अधिवक्तागण एवं पराविधिक स्वयं सेवकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गयी। वादीगण द्वारा अपने वादों के निस्तारण हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित आये न्यायालय परिसर में वादकारीगण / अधिवक्तागण की चहल-पहल रही तथा शान्ति व्यवस्था में पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनात रहा। राष्ट्रीय लोक अदालत के निस्तारण हेतु बैंक व मोबाइल कंपनियों से संबंधित मामलों से सम्बद्ध पीठों की स्थापना की गई जिनके द्वारा प्रीलिटिगेशन के माध्यम से वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद आगरा में जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर आज दिनांक 10.05.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल-463870 वादों का निस्तारण किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती तृप्ता चौधरी, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, आगरा, श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, आगरा, श्री पंकज मिश्र, पीठासीन अधिकारी, कॉमर्शियल कोर्ट-द्वितीय, आगरा, श्री महेश नोटियाल, पीठासीन अधिकारी, भू-अर्जन भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन प्राधिकरण, आगरा एवं श्री राजेन्द्र प्रसाद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-प्रथम, आगरा, श्री अमरजीत, नोडल अधिकारी/अपर जिला जज, न्यायालय संख्या-26, आगरा, डॉ0 दिव्यानन्द द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण, विभिन्न बैंक, मोबाइल कंपनियों के अधिकारी/प्रतिनिधि, वादकारीगण, पत्रकारगण, मीडियाकर्मीगण, पराविधिक स्वयं सेवक एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज



**सांध्य पहल संवाददाता**

आगरा। भारतीय दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी गोला व महिला अध्यक्ष समीना पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम के आसरा सेंटर के संचालक देवेन्द्र सविता, फरीन खान व अन्य दर्जन भर साथियों ने सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में जानलेवा हमला, मारपीट,गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई ।भारतीय दिव्यांग संगठन की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष समीना ने भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम के आसरा सेंटर के संचालक देवेन्द्र सविता व फरीन खान पर थाना नाई की मंडी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115/2,351/2 व 352 में शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह व दिव्यांग संगठन के बॉबी गोला ने 07 नवम्बर 2024 को ऐलमिको के आसरा सेंटर संचालक देवेन्द्र सविता की बिकलांगों के साथ धौखाधड़ी, अवैध वसूली व घोटाले की शिकायत की गई, जाँच के दौरान देवेन्द्र सविता पर आरोप सही पाए जाने पर ऐलिम्को( भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम) ने देवेन्द्र सविता से सेंटर हटा दिया, लेकिन शासन प्रशासन ने दोषी पाए जाने पर भी आसरा के संचालक देवेन्द्र सविता पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई,

दोषी पर कार्यवाही कराने व धन वसूली के किये जाने की मांग को लेकर भारतीय दिव्यांग संगठन के कार्यकर्ता किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह के नेतृत्व में कल जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचे, शिकायत की सूचना मिलने पर बौखलाये आसरा सेंटर के संचालक देवेंद्र सविता व फरीन ने दर्जन भर साथियों के साथ कलेक्ट्रेट प्रांगण में हमला कर दिया। किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह व भारतीय दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बॉबी गोला ने पुलिस प्रशासन से कल कलेक्ट्रेट परिसर में हमला करने वालों को जेल भेजने की मांग की है, जिससे कलेक्ट्रेट परिसर में इस तरह की अन्य कोई घटना ना हो।

# तेज रफ्तार मैक्स पिकअप ने ली शिक्षक की जानः ग्रामीणों ने वाहन पकड़ा, ड्राइवर फरार; परिजनों ने की कार्रवाई की मांग

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में सेवानिवृत्त अध्यापक की जान चली गई। फरह की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मैक्स पिकअप (यूपी 80 जीटी 7137) ने बुर्जा वाले हनुमान मंदिर के पास उन्हें कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान घनश्याम पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम कचौरा के रूप में हुई है।टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद मैक्स चालक ने वाहन समेत भागने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने उसका पीछा करते हुए अछनेरा कस्बे में मैक्स पिकअप को पकड़ लिया। हालांकि, चालक मौका पाकर फरार हो गया।पुलिस ने पिकअप वाहन को अपनी हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। उधर, मृतक के परिजनों ने थाना अछनेरा में तहरीर देकर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# फतेहाबाद के हनुमान नगर में सरकारी समर्सिबल पर पानी भरने को लेकर महिला से मारपीट,वीडियो वायरल

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा/फतेहाबाद।** फतेहाबाद कस्बे के मोहल्ला हनुमान नगर में शुक्रवार को सरकारी सबमर्सीबल से पानी भरने गई महिला के साथ मोहल्ले के ही कुछ लोगो ने मारपीट कर दी। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला हनुमान नगर निवासी आरती पत्नी राहुल शुक्रवार सुबह मुहल्ले में ही लगे सरकारी सबमर्सिबल से पानी भरने के लिए गई थीं, इसी बीच मौहल्ले के ही लोगों से उसका विवाद हो गया। जिसमे कुछ दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस दौरान पुलिस द्वारा महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंधः होटलों में की जा रही चेकिंग, किराएदारों का हो रहा सत्यापन, संदिग्धों पर नजर

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच जंग जैसे हालात हैं। ऐसे में आगरा में पुलिस हाई अलर्ट पर है। आगरा में एयरपोर्ट और ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा जिले के पूरे फोर्स को सड़क पर उतार दिया गया है। होटलों की चेकिंग की जा रही है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि आगरा में खेरिया एयरपोर्ट और ताजमहल के आसपास सुरक्षा कड़ी की गई है। सिटी जोन में सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वो सड़कों पर रहें। थाने में केवल मुंशी और कार्मिक स्टाफ ही रहेगा। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें। इसके अलावा शहर के जितने भी होटल हैं, उनकी चेकिंग की जा रही है। पिछले 6 महीने में जितने भी किराएदार आए हैं, उनका भी सत्यापन किया जा रहा है।

**ड्रोन पर प्रतिबंध**

डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि अलर्ट को देखते हुए ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। शादी पार्टियों में भी ड्रोन नहीं उड़ाए जाएंगे। अगर कोई ऐसा करता है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ताजमहल के आसपास बैरियर लगाकर चेकिंग की जाएगी। बिना चेकिंग के किसी को नहीं जाने दिया जाएगा।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर गाजः तीन चौकी इंचार्ज और तीन एसआई लाइन हाजिर

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पाकिस्तान के बीच जंग जैसे हालात हैं। ऐसे में आगरा में पुलिस हाई अलर्ट पर है। आगरा में एयरपोर्ट और ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ऐसे में लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। 3 चौकी इंचार्ज और 3 उप निरीक्षकों को लाइन हाजिर किया गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि आपरेशन सिंदूर को लेकर हाई अलर्ट है।




ऐसे में पुलिस कर्मियों को भी सड़क पर रहकर काम करने के निर्देश दिए गए थे। रात में उन्होंने व अलग अलग जोन के एसीपी ने अपने क्षेत्र में निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि कुछ पुलिसकर्मी ग्राउंड पर नहीं है। ऐसे पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है। अभी थाना सिकंदरा और न्यू आगरा थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। डीसीपी सिटी ने बताया कि लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**इन पर गिरी गाज** आगरा थाना सिकंदरा प्राची टावर चौकी प्रभारी बबलू पाल हुए लाइन हाजिर एसएसआई सुनील कुमार थाना सिकंदरा हुए लाइन हाजिर उप निरीक्षक अरविंद कुमार थाना सिकंदरा हुए लाइन हाजिर उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार थाना सिकंदरा हुए लाइन हाजिर थाना न्यू आगरा चौकी प्रभारी डिवीजन अखिलेश कुमार हुए लाइन हाजिर चौकी प्रभारी दयालबाग अमित कुमार थाना न्यू आगरा हुए लाइन हाजिर,

# ताज महल पर एक घंटे की मॉक ड्रिलः यमुना की तरफ से 2 आतंकी घुसे, सुरक्षा जवानों ने घेरकर पकड़ा; वाच टावर से निगरानी

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** ताजमहल पर देर शाम मॉक ड्रिल के तहत दो आतंकी पकड़े गए। एक घंटे माक ड्रिल चली। इस माक ड्रिल में ताजमहल के विभिन्न हिस्सों में सिक्योरिटी चेक भी की गई। इसमें सीआईएसएफ जवान, बम डिस्पोजल स्क्वायड, डाग स्क्वायड, ताज सुरक्षा पुलिस और पर्यटन थाना पुलिस मुस्तैद रही। शाम लगभग 6~40 बजे ताजमहल पर यमुना की तरफ से दो आतंकियों ने हमला कर दिया। दोनों यमुना की तरफ से सीआईएसएफ के जवानों को घायल करते हुए ताजमहल में घुसे। दोनों आतंकी बेसमेंट एरिया की तरफ गए। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ क्यूआरटी, बीडीडीएस , डाग स्कवायड, सीआईडब्लू राज्य पुलिस, राज्य बीडीडीएस, फायर सर्विस, एएसआई के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सीआईएसएफ के जवानों ने दशहरा घाट से ताजमहल के अंदर एंट्री ली। एक घंटी की मशक्कत के बाद आतंकियों को गिरफतार कर लिया गया। माक ड्रिल के अंत में ब्लैक आउट को लेकर ब्रीफिंग की गई।

**ताजमहल के पास चेकिंग सख्त**

ताजमहल के आसपास भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने ताज सुरक्षा के सभी नौ बैरियर पर चेकिंग तेज कर दी है। हर आने जाने वाले वाहन की चेकिंग की जा रही है। डिग्घी खुलवाकर देखा जा रहा है। कारों की सघन चेकिंग हो रही है। पुलिसकर्मियों के अलावा ताजमहल के अंदर सीआईएसफ के जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है।

**वाच टावर से ताजमहल की निगरानी**

ताजमहल के वाच टावर से जवान लगातार निगरानी रख रहे हैं। फील्ड यूनिट सक्रिय है, बुलेट प्रूफ यूनिट को सक्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही हर आने जाने वाले पर्यटक पर कड़ी नजर रख रही है। पुलिस ने पब्लिक से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में तुरंत सूचना दें।

# भाई बना भक्षक. क्या कैंची के वार से भाई को उतारा मौत के घाट, परिवार की चुप्पी में छिपा सच

## आगरा में घरेलू विवाद बना खूनखराबे की वजह, जांच में जुटी पुलिस

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के बोदला चौकी स्थित राहुल नगर एवरग्रीन स्कूल के पास बीती रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। मामूली कहासुनी के बाद दो भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने दूसरे भाई की कैंची मारकर हत्या कर दी। राहुल नगर एवरग्रीन स्कूल के नजदीक रहने वाले शहजाद और रहीस के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों के बीच मारपीट इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर रहीस ने शहजाद के पेट में कैंची घोंप दी। शहजाद पर कैंची से वार करने के बाद रहीस पड़ोस में रहने वाले बनवारी लाल के घर की छत कूदकर फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग और परिजन आनन-फानन में घायल शहजाद को अस्पताल लेकर भागे। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने 30 वर्षीय शहजाद को मृत घोषित कर दिया। एक बेटे की जान जाने के बाद परिवार अब दूसरे बेटे को जेल जाने से बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा परिजनों से पूछताछ करने पर मृतक शहजाद के पिता ने चौंकाने वाला बयान दिया। पिता के अनुसार, घटना के समय वह घर पर मौजूद थे और शहजाद सीढ़ियों से गिर गया था, जिससे सीढ़ी का कोना उसके पेट में लगने के कारण उसकी मौत हुई। वहीं, मृतक की मां का कहना है कि घटना के समय पिता घर पर नहीं थे और वह झूठ बोल रहे हैं। मां के मुताबिक, शहजाद आंगन में गिर गया था। परिजनों के इन विरोधाभासी बयानों से साफ जाहिर होता है कि परिवार एक बेटे की मौत के बाद दूसरे बेटे को कानूनी कार्रवाई से बचाने का प्रयास कर रहा है। आश्चर्यजनक रूप से, परिजनों ने सुबह आनन-फानन में बिना पुलिस को सूचना दिए मृतक शहजाद के शव को दफना भी दिया। क्षेत्र में इस घटना को लेकर दबी जुबान से चर्चा चल रही है।

इस पूरे घटनाक्रम में परिजन शक के घेरे में हैं, क्योंकि कई सवाल अनसुलझे हैं।

**सवाल नंबर 1** माता और पिता दोनों के ही अलग-अलग बयान क्यों हैं।

**सवाल नंबर 2** पिता के मुताबिक सीढ़ियों से गिरने से पेट में चोट लगी, जबकि सीढ़ी की तरफ कोई ऐसा कोना नहीं दिख रहा है जिससे पेट में गहरी चोट लगकर मौत हो सके।

**सवाल नंबर 3** घटना रात 11~00 बजे हुई, तो आखिरकार सुबह 8~00 बजे इतनी जल्दबाजी में घर से कब्रिस्तान मृतक के शव को क्यों दफनाया गया।

**सवाल नंबर 4** जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो घर पर रहीस क्यों मौजूद नहीं था

सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी परिजन और रिश्तेदार घटना की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे थे। क्षेत्र के लोगों के बीच दबी जुबान से यह चर्चा जोरों पर है कि अगर पुलिस गहन जांच करे तो असली आरोपी सलाखों के पीछे होगा। पुलिस अब इस संदिग्ध मामले की पड़ताल में जुट गई है और परिजनों के विरोधाभासी बयानों के साथ-साथ अन्य साक्ष्यों की भी जांच कर रही है। पुलिस अब पड़ोसियों, रिश्तेदारों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है ताकि असलियत सामने लाई जा सके। फिलहाल, रहीस की गिरफ्तारी और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे मामला साफ हो सकेगा।

# तेज बारिशः कई स्थानों पर जलभराव, तेज हवाएं चलने से गर्मी से मिली राहत, तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** आगरा में शनिवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया। सुबह से निकली तेज धूप के बाद दोपहर बाद बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं से मौसम सुहाना हो गया। बारिश की वजह से खेरिया मोड़, अलबतिया रोड सहित कई जगहों पर जलभराव भी हो गया। शनिवार सुबह से मौसम खुला हुआ था। इसकी वजह से तापमान बढ़ा हुआ था। सुबह से ही गर्मी का अहसास हो रहा था। मगर, दोपहर 1 बजे के बाद अचानक बादल छा गए। हवाएं चलने लगीं। दोपहर 2 बजे के बाद बारिश शुरू हो गई। ग्वालियर रोड पर मूसलाधार बारिश हुई। इसकी वजह से कई जगह जलभराव हो गया। बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। बहुत से बच्चे बारिश में भीगते नजर आए। गरजे के साथ ही काफी देर तक बारिश हुई।

**सामान्य से कम तापमान**

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस था। जोकि सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मगर, शनिवार सुबह से गर्मी बढ़ने लगी। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस था जोकि शनिवार सुबह बढ़कर 25.4 डिग्री सेल्सियस और दोपहर में तापमान 36 डिग्री रिकार्ड किया गया। हालांकि ये न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

**पूर्वानुमान~ रविवार से बढ़ेगा तापमान**

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से मौसम खुला रहेगा। तेज धूप निकलेगी। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। 16 मई को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक जा सकता है।

# आंधी-बारिश से होर्डिंग उखड़ी, 12 पेड़ गिरेः शास्त्रीपुरम पुलिस चौकी के सामने रोड हुई ब्लॉक, बिजली के तारों को नुकसान

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** आगरा में शनिवार सुबह से तेज धूप और उसम से लोगों को परेशान कर रखा था। मगर, दोपहर में अचानक से मौसम बदल गया। कई इलाकों में घना अंधेरा छा गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे शास्त्रीपुरम इलाके में 12 पेड़ गिर गए। होर्डिंग भी उखड़ गए। बिजली के तारों को भी नुकसान हुआ है।



## संपादकीय

# राहुल बोले और विवाद न हो

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का पिछले दिनों संपन्न हुई विदेश यात्रा के दौरान ब्राउन विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण का वीडियो जारी हुआ है। इसके सामने आते ही एक बार फिर न केवल अखबारों की खबर बनी है बल्कि एक बहस भी उठ खड़ी हुई है। वैसे भी ऐसा कम ही होता है कि राहुल गांधी बोले और उन पर विवाद न हो। तिस पर पर यहां तो राहुल गांधी का वह भाषण सामने आया है जिसमें वह एक ओर भाजपा के हिन्दुत्व पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। यानी उसे मुख्यधारा का हिन्दुत्व न बताकर हाशिये का हिन्दू बता रहे हैं तो दूसरी ओर जरनैल सिंह भिंडरावाले के उभार के साथ अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पर सैनिक कार्रवाई और उसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या और फिर सिख विरोधी दंगों जैसी घटनाओं के संदर्भ में बात करते हुए इन्हें कांग्रेस की गलती बता रहे हैं। यह सब उन्होंने तब कहा जब एक सिख छात्र ने सिखों के साथ उनके संबंध की बात पूछी। दरअसल, पिछली यात्रा में राहुल गांधी ने कहा था कि वह भारत में इसलिए लड़ाई लड़ रहे हैं कि सिख अपनी पगड़ी पहन पा रहे हैं या नहीं। उनका आशय था कि भाजपा शासन में सिखों के लिए अपनी पहचान बचाना यानी पगड़ी पहनना तक मुश्किल हो जाएगा। इस संदर्भ में उनका कहना था कि सिखों के साथ उनके संबंध अच्छे हैं और कांग्रेस ने 80 के दशक में जो गलतियां की हैं, उसके लिए माफी मांगते हैं। भाजपा के हिन्दुत्व के संदर्भ में राहुल गांधी ने जो कुछ कहा उसके लिए तो भाजपा उन पर आक्रामक है, लेकिन असली मुद्दा जो उनके भाषण में से निकलकर आया है वह कांग्रेस की गलतियों के लिए उनके द्वारा माफी मांगे जाने की है। अब यह तो राहुल गांधी बता सकते हैं कि उन्होंने उस दौर में कांग्रेस के कार्य को किस बिना पर गलत ठहराया और माफी मांग रहे हैं तो किस हैसियत से मांग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से इस मामले पर अभी कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है, लेकिन राहुल को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए जिससे यह पता चले कि वह क्या कहना चाहते हैं। दूसरे, उन्होंने अतीत की गलतियों को तो परख लिया लेकिन वर्तमान में वह अपने हर भाषण के बाद कांग्रेस को मुसीबत में डालने वाला विवाद खड़ा कर देते हैं, इस पर उनकी नजर क्यों नहीं जाती। इस पर भी उन्हें ध्यान देना चाहिए अन्यथा हो सकता है कि कांग्रेस की अगली पीढ़ी को अपनी इस दौर की गलतियों के लिए माफी मांगनी पड़े।

# पल-पल,क्षण-क्षण बर्बादी की ओर बढ़ता पाकिस्तान

(मनोज कुमार अग्रवाल-विनायक फीचर्स)




पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। 7-8 और 9 मई की मध्य रात्रि में पाकिस्तान ने भारत के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य स्थलों, एयरबेस एयरपोर्ट और नागरिक स्थानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले करने की हिमाकत की । बदले में भारतीय सेना ने बहुत संयम से काम लेते हुए जो प्रतिरोधक बचाव और पलटवार किया है उससे पाकिस्तान की हालत पतली हो गयी है। इस वक्त पाकिस्तान की जान हलक में अटकी हुई है। इसके बावजूद उसकी अकड़ कम नहीं हो रहा है। वह भारत के विरुद्ध ऐसी नापाक कोशिशें निरंतर कर रहा है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बड़े। पहलगाम हमले के बाद भारत ने काफी संयम बरतते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पीओके में सिर्फ आंतकी समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया है, जिन्होंने भारत के विरुद्ध साजिश रचने और हमले को अंजाम दिया था। पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला करके केवल आतंकवादियों की कमर तोड़ने की कोशिश है। बेहद सुनियोजित व सटीक तथा नियंत्रित कार्रवाई से भारत ने दुनिया को संदेश दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति जीरो टॉलरेंस की है। भारत ने पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों व नागरिक संस्थानों को निशाना न बनाकर मानवता का संदेश तो दिया ही लेकिन यह भी बताया कि हमें आत्मरक्षा का अधिकार है। साथ ही दुनिया को यह भी बताया कि विश्व बंधुत्व हमारा सांस्कृतिक संकल्प है लेकिन यदि हमारी बेटियों के सिंदूर छीने जाएंगे तो हम अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं लांघकर भी आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने से नहीं हिचकेंगे। यह भी कहा कि मानवता के संरक्षण के संकल्प के साथ हम कभी नागरिकों को निशाना नहीं बनाएंगे। मगर दुःखद बात है कि आतंकी देश पाकिस्तान बौखलाहट में लगातार भारत विरोधी नापाक कोशिश रहा है। इसी नापाक कोशिश के तहत उसने भारत में 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। भारत के तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार 7 - 8 और 9 मई की बीच वाली रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, उत्तरलाई, नाल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि, काउंटर यूएएस और एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से भारत ने इन हमलों को निष्क्रिय कर दिया। हमलों को निष्क्रिय करने के बाद मलबे को बरामद कर लिया गया है। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के पुंछ और तंगधार सेक्टर में लगातार गोलाबारी कर रहा है, जिससे भारत के कम से कम 15 नागरिकों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पाकिस्तान ने जान-बूझकर सीमा के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। गोलाबारी की वजह से कई घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और गांवों में भारी दहशत फैल गई है। हालांकि भारतीय सेना इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दे रही है और आने वाले समय में उसको और भी ज्यादा माकूल जवाब मिलेगा। आतंकी देश को समझना होगा कि वह भारत के विरुद्ध चाहे कितनी भी नापाक कोशिश कर लें, लेकिन वह अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं हो सकता है। भारत अपने हवाई सुरक्षा ढांचे को इतना मजबूत कर चुका है, कि वह पाकिस्तान और पड़ोसी देशों से होने वाले संभावित हवाई खतरों का प्रभावी रूप से मुकाबला कर सके। देश की वायु रक्षा प्रणाली में आधुनिक मिसाइल सिस्टम, उन्नत रडार और समर्पित कमांड सेंटर शामिल हैं, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को समय रहते पहचान कर उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली %एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम% से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। वहीं भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -044

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 043 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# कड़ी निंदा से कड़ी कार्यवाही तक

(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विनायक फीचर्स)



आतंकवाद से छद्म युद्ध का दोहरा खेल खेलता पाकिस्तान आज भारत के कोप का शिकार है। पाकिस्तान पर अब तक 'कड़ा' रुख अपनाने और मुंबई हमले तक की भर्त्सना से संतोष करता भारत अब घुसकर मार रहा है। पाकिस्तान जो खुद आतंकवाद का पोषक रहा है, आतंक के खिलाफ युद्ध के नाम पर अमेरिका का ÷सबसे भरोसेमंद सहयोगी÷ बना हुआ दोहरा बनावटी मुखौटा जी रहा था। भले ही दाऊद, लादेन , हाफिज सईद , पाकिस्तान में ठिकाना बना कर रह रहें हों पर अमेरिकी विदेश विभाग की पुरानी रिपोर्ट में पाकिस्तान की तारीफ़ की जाती थी । वो जमाना था जब एक ओर पाकिस्तान की सेना आतंकी बनाती थी, तो दूसरी ओर आतंक के विरोध का नाटक कर अल-क़ायदा के आतंकियों को गिरफ़्तार करती थी, तालिबान के प्रवक्ता को अफ़ग़ानिस्तान को सौंपा था , और 'जिहाद के स्कूलों' (मदरसों) को नियंत्रित करने का झूठा वादा किया जाता था । यही वह दौर था जब लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, और हक्कानी नेटवर्क जैसे संगठन पाकिस्तान की धरती पर फल-फूल रहे थे। 2008 आते-आते यही संगठन मुंबई के ताज होटल, लियोपोल्ड कैफे, और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस पर खून की होली खेल रहे थे। विरोधाभास की पराकाष्ठा ये कि जिस देश ने "आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई" का ढिंढोरा पीटा, उसी की छत्रछाया में 26/11 जैसा नृशंस हमला हुआ । 'कार्रवाइ' का नाटक और आतंक की नर्सरी पाकिस्तान ने आतंकवादियों के खिलाफ जो ÷कड़ी कार्रवाई÷ की, उसका असली मकसद अंतरराष्ट्रीय दबाव को संतुष्ट करना था। अमेरिका को दिखाने के लिए कुछ आतंकियों को गिरफ़्तार किया गया, लेकिन उसी समय आईएसआई और पाकिस्तानी सेना कश्मीर और अफ़ग़ानिस्तान में आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, हथियार, और फंडिंग दे रही थी । यह वही दौर था जब लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को मुंबई हमले के लिए समुद्री युद्ध, नेविगेशन, और एके-47 के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जा रही थी । 2005 की हमारी कार्रवाई एक "सर्जिकल स्ट्राइक" नहीं, बल्कि एक सर्जिकल मास्क था जिसके पीछे आतंक की फैक्ट्री चलती रही। 26 नवंबर 2008 को जब 10 आतंकियों ने मुंबई को अपनी गोलियों और बमों से लहूलुहान किया, तो पाकिस्तान ने शुरू में सभी आरोपों को "भारतीय प्रोपेगैंडा" बताया। लेकिन जब अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा गया, उसका इकबालिया बयान, आया और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा आईएसआई की भूमिका का खुलासा हुआ तो ये सभी तथ्य पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब करते रहे । हैरानी की बात यह है कि 2005 में ÷आतंकवाद विरोधी÷ दिखने वाले पाकिस्तान ने 2008 तक लश्कर-ए-तैयबा के मुखिया जकीउर रहमान लखवी को जमानत पर छोड़ दिया, और 2021 तक उसे पाकिस्तान में ही ÷गायब÷ रहने दिया । यह आतंकवाद के खिलाफ "कड़ी कार्रवाई" थी, या करतूतों को छुपाने की कला"? विश्व समुदाय की चुप्पी राजनीति की विवशता थी । मुंबई हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर जो सबूत पेश किए, उन्हें अमेरिका और यूरोप ने भी माना, लेकिन पाकिस्तान को "राजनीतिक रूप से अस्थिर" देश का टैग देकर उसकी जवाबदेही तय करने से कतराते रहे।

## कविता

# अस्तित्व तुम्हारा मिटा, तिरंगा हम फहराएंगे..



(इंजी. अरुण कुमार जैन-विनायक फीचर्स)

आतंकवाद व उग्रवाद के बीज रोपकर,
हथियारों की फसल धरा पर उगवाते हो!
कर बलात्कार निरीह बेटी बहिनों का,
खून के आँसू दे उनको तुम तड़पाते हो!
हर दिन अपराधों को करते हो, तुम सब मिलकर!
हम पर मिसाइल आक्रमण
भी करवाया,
धराशायी कर डाला भारत के वीरों ने,
उल्टे लहूलुहान कर तुमको मार भगाया.
लाहौर, कराची, रावलपिंडी सिसक रहा है,
सियाल कोट में तड़प रहे हैं तेरे भाई,
बलूचिस्तान में मारे जाते सैनिक तेरे,
फिर भी बुद्धि हे सठ तुझे न आयी!
घुस- घुसकर मारेंगे तुमको तेरे घर में,
बोटी बोटी नोच, मिटा देंगे हम तुमको,
मत टकराओ भारत माता के शोलों से,
शूर वीर, शौर्य, पराक्रम बलशाली जो.
मोदी, योगी अमित शाह का यह भारत है,
लल्लू, पंजू नहीं यहाँ जो डर जायेंगे,
वीर शिवा, आजाद, प्रताप के स्वरुप हैं,
अस्तित्व तुम्हारा मिटा, तिरंगा हम फहराएंगे।

# राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आज आपको मिलेगा। आपके माता पिता आपकी सफलता के लिए अपना पूरा सहयोग देंगे। आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

**वृषभ**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिए दिन ठीक रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

**मिथुन**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद मिलेगी। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों की आज शानदार जीत होगी। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अच्छे फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी। महिलाएं अगर घरेलू उद्योग शुरु करना चाहती हैं, तो आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**सिंह**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है। आपके काम से आपका जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। आज शाम तक शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

**कन्या**
आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपको सबका साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। आप किसी नई तकनीकी को सीखने की भी कोशिश करेंगे। ट्रांसपोर्ट के काम कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा।

**तुला**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलायेगी।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लम्बे समय से रुके हुए सरकारी काम आज पूरे हो जाएंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आएगी, इनकी वजह से आप सफल होंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**धनु**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल करना पड़ेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा, आप धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करवा सकते है। आज आपको उन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, जो आपको गलत राह पर ले जाने की सोचते हैं। इस राशि के लोगों को प्रॉपर्टी लेने का योग बना हुआ है।

**मकर**
आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा, जिससे आपका प्रोजेक्ट हो जाएगा। आज लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे।

**कुंभ**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा। ऑफिस में बहुत दिनों से रुके हुए कामों को आप आसानी से निपटा लेंगे। साथ ही आपको बॉस का पूरा-पूरा सहयोग भी प्राप्त होगा।

**मीन**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वाद-विवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। मेहनत के बल पर आपको काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से आपको गर्व की अनुभूति होगी। नवविवाहित दंपति में आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

# युद्ध विराम : शांति और शक्ति के प्रतीक भारत की कूटनीतिक और राजनयिक जीत

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)



पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। इस हमले के जवाब में भारत ने 7 मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए गए। इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया, इसके बाद भारत की कूटनीतिक और राजनयिक पहल ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया । इसी कारण सीजफायर स्थिति बन गई और ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का निर्णय भी लिया गया। जिसे पूरा विश्व भारत की बड़ी राजनयिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों और स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मदऔर लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों पर डाली गई, जिन्हें पाकिस्तान से समर्थन मिल रहा था। इस घटना ने पूरे भारत में आक्रोश की लहर पैदा कर दी। विशेष रूप से, हमले में कई नवविवाहित जोड़ों के पतियों की हत्या ने भावनात्मक रूप से देश को झकझोर दिया। एक ऐसी तस्वीर, जिसमें एक नवविवाहिता अपने पति की लाश के पास बैठी थी, उसके माथे का सिंदूर मिट चुका था और हाथों में मेहंदी के साथ खून के छींटे थे, ने पूरे देश को भावुक कर दिया। इस हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनानी शुरू की। भारत ने इस हमले को न केवल अपनी संप्रभुता पर हमला माना, बल्कि इसे मानवीय मूल्यों के खिलाफ एक कायराना कृत्य के रूप में देखा। 7 मई 2025 की मध्यरात्रि को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसका नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था। इस ऑपरेशन का नाम इसलिए चुना गया क्योंकि पहलगाम हमले में आतंकियों ने कई महिलाओं को विधवा किया था, और सिंदूर भारतीय संस्कृति में सुहाग का प्रतीक है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त प्रयासों का परिणाम था, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने सटीक और नियंत्रित हमले किये। भारतीय वायुसेना ने सुखोई-30, राफेल फाइटर जेट्स और ब्रह्मोस तथा स्कैल्प मिसाइलों का उपयोग कर बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरीदके और अन्य स्थानों पर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इन हमलों में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकाने शामिल थे। भारत ने अपनी कार्रवाई को गैर-उत्तेजक रखा और किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया। यह सुनिश्चित किया गया कि हमले केवल आतंकी ढांचों तक सीमित रहें। ऑपरेशन केवल 23 मिनट में पूरा हुआ, जो भारतीय सेना की तकनीकी क्षमता और रणनीतिक योजना को दर्शाता है। रक्षा मंत्रालय ने इसे ÷केंद्रित, नपी-तुली और गैर-बढ़ावा देने वाली÷ कार्रवाई बताया। हमले में जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मरकज सुभान अल्लाह, लश्कर-ए-तैयबा का मुरीद के स्थित मरकज तैयबा और अन्य ठिकाने नष्ट किए गए। ये ठिकाने 2001 के संसद हमले, 2008 के मुंबई हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे आतंकी कृत्यों से जुड़े थे। अनुमानित 80-100 आतंकी इसमें मारे गए, जिसमें जैश और लश्कर के कई वरिष्ठ कमांडर शामिल थे।जिससे पूरे पाकिस्तान में हड़कंप मच गया और पूरे देश में हाई-अलर्ट जारी किया गया। पाकिस्तानी सेना और सरकार में बौखलाहट देखी गई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 10 नागरिकों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हुए। इसके अलावा, पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों, जैसे श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, और चंडीगढ़ में ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिश की, लेकिन भारत के स्-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने प्रचार युद्ध भी शुरू किया, जिसमें झूठे दावे किए गए, जैसे श्रीनगर एयरबेस पर हमला और भारतीय सैनिकों को बंदी बनाना। हालांकि, ये दावे बाद में झूठे साबित हुए। पाकिस्तानी सेना और आईएसआई ने सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक वीडियो और तस्वीरें फैलाईं, लेकिन भारत ने इनका तथ्य-जांच के साथ खंडन किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने तुरंत कूटनीतिक मोर्चे पर काम शुरू किया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 13 देशों के राजदूतों को ब्रीफिंग दी, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन की आवश्यकता और सटीकता को स्पष्ट किया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि वैश्विक समुदाय को यह संदेश जाए कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की शुरुआत। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिका, रूस और अन्य प्रमुख देशों को स्पष्ट किया कि हमले केवल आतंकी ठिकानों पर किए गए। भारत ने अपनी प्रेस ब्रीफिंग में संयमित और तथ्य-आधारित भाषा का उपयोग किया। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी महिला अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग देना भारत की संवेदनशीलता और समावेशिता का प्रतीक था। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया, जिसने पाकिस्तान पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ाया। भारत ने देशभर में 244 शहरों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की, जिसने उसकी रक्षा तैयारियों को प्रदर्शित किया। कई देशों, विशेष रूप से अमेरिका और ब्रिटेन, ने भारत की कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ उचित कदम माना। चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया, लेकिन भारत की कूटनीतिक सक्रियता ने चीन को खुलकर सामने आने से रोका। तुर्की ने पाकिस्तान को नौसैनिक समर्थन देने की कोशिश की, लेकिन भारत की शक्तिशाली नौसेना के सामने यह प्रभावहीन रहा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच, सीजफायर की पहल पाकिस्तान की ओर से की गई। 10 मई 2025 को, दोनों देशों के बीच नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी रोकने के लिए एक समझौता हुआ। जिसे भारत ने इसे अपनी शर्तों पर स्वीकार किया। अमेरिका ने इस प्रक्रिया में मध्यस्थ की भूमिका निभाई। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सीजफायर के लिए कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं रखी गई थी। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में होने वाला कोई भी आतंकी हमला युद्ध का कृत्य माना जाएगा। इसके साथ ही, भारत ने सिंधु जल संधि को अस्थायी रूप से निलंबित रखा है। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का निर्णय लिया गया, जिसे कई विशेषज्ञों ने भारत की राजनयिक परिपक्वता और रणनीतिक संयम का उदाहरण माना।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की।

भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ न्यायोचित ठहराया, जिससे पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गया। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन का स्थगन स्थायी नहीं है और यदि आतंकी गतिविधियां दोबारा शुरू हुईं, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय ने भारत की छवि को एक जिम्मेदार और शांति-प्रिय राष्ट्र के रूप में मजबूत किया। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद के घटनाक्रम ने भारत की कूटनीतिक और राजनयिक क्षमता को विश्व मंच पर प्रदर्शित किया। आतंकवाद के खिलाफ मजबूत संदेश देते हुए भारत ने स्पष्ट किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएगा।

भारत की इस सक्रिय कूटनीति ने उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन दिलाया, जबकि पाकिस्तान को झूठे प्रचार के लिए आलोचना झेलनी पड़ी। भारत ने सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया, लेकिन साथ ही कूटनीतिक संयम दिखाकर युद्ध की संभावना को टाला। ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के रद्द होने से पाकिस्तान आर्थिक और कूटनीतिक रूप से कमजोर हुआ। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत-पाकिस्तान सीजफायर भारत की रणनीतिक, सैन्य और कूटनीतिक शक्ति का प्रतीक है।



रोम में डब्ल्यूटीए इटैलियन ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर के मैच के दौरान शॉट लौटाती चीन की झेंग किनवेन और सर्बिया की ओल्गा।

## भारत-पाक तनाव - आईपीएल खेल रहे विदेशी खिलाड़ियों की बढ़ी चिन्ता

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2025 के बचे हुए मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है। बीसीसीआई के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एक सप्ताह बाद हालात की समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद टूर्नामेंट के शेष मैचों का नया शेड्यूल जारी किया जाएगा। इस घोषणा के बाद अब कई अहम सवाल उठ रहे हैं, जिनमें सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस दौरान विदेशी खिलाड़ी भारत में रुकेंगे या अपने-अपने देश लौट जाएंगे? आईपीएल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि वर्तमान हालात ने विदेशी खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

सूत्रों ने बताया कि कई विदेशी खिलाड़ी वापस अपने देश लौटने की तैयारी में हैं। दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के कुछ खिलाड़ी फिलहाल धर्मशाला से सड़क मार्ग के जरिए दिल्ली लौट रहे हैं। आईपीएल की एक टीम के अधिकारी ने बताया कि खिलाड़ी अभी ठीक हैं लेकिन देश की मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि पिछले साल हुई मेगा नीलामी में 10 फ्रेंचाइजियों ने कुल 62 विदेशी खिलाड़ियों को अनुबंधित किया था। इस स्थिति को लेकर विदेशी क्रिकेट बोर्डों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं।

# देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हो सकते है आईपीएल के बचे मैच

### - बीसीसीआई कर रही वैकल्पिक योजना पर विचार

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा सैन्य तनाव के मद्देनज़र आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। हालांकि बीसीसीआई का कहना है कि यह एक अस्थायी रोक है और यदि हालात सामान्य होते हैं तो टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा सकता है। बीसीसीआई फिलहाल एक आकस्मिक योजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत लीग को फिर से शुरू करने के लिए स्थानों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और समय जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बोर्ड अब देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में बाकी बचे मुकाबले आयोजित करने पर विचार कर रहा है। संभावित शहरों में कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु और विशाखापट्टनम प्रमुख रूप से शामिल हो सकते हैं। एक अंग्रेजी अखबार की




एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि अगर हालात अगले सप्ताह तक सुधरते हैं, तो आईपीएल के शेष मैचों को सीमित वेन्यू पर आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ÷ऐसे मामलों में एक सप्ताह काफी लंबा समय होता है। बोर्ड विकल्पों पर सक्रियता से विचार कर रहा है। कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में मैच कराए जा सकते हैं, लेकिन अगर सीमा पर हालात सामान्य हुए तो बीसीसीआई मूल स्थानों पर भी लौट सकता है। गौरतलब है कि इस सीज़न में अब 12 लीग मुकाबले और 4 प्लेऑफ मैच बाकी हैं। इनमें से कई मैच देश के अलग-अलग शहरों में होने थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से इन्हें अब सीमित स्थानों पर सिमटाया जा सकता है। हाल ही में धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एक मैच ब्लैकआउट के चलते रद्द कर दिया गया था। इसके अलावा एयरपोर्ट बंद होने के चलते धर्मशाला से एक अन्य मैच की मेजबानी छिन गई थी और पंजाब-मुंबई मुकाबला अहमदाबाद स्थानांतरित करना पड़ा था। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अगले सप्ताह हालात किस दिशा में बढ़ते हैं और क्या बीसीसीआई आईपीएल को फिर से पटरी पर ला पाता है।

### क्या दोबारा होगा पंजाब बनाम दिल्ली मैच

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है। दर्जनों शहरों में ब्लैकआउट लागू होने से इस स्थिति का सीधा असर आईपीएल पर पड़ा और धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच जारी मैच को बीच में ही रोकना पड़ा। बाद में उस मैच को रद्द कर दिया गया। हालांकि अब खबर है कि यह मैच हालात सामान्य होने के बाद दोबारा खेला जाएगा। एक अंग्रेजी अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार जैसे ही स्थिति नियंत्रण में आएगी और आईपीएल दोबारा शुरू होगा।

# कॉनराड तीनो प्रारुपों में दक्षिण अफ्रीका के कोच बने

**जोहानिसबर्ग, (ए.)।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुकरी कॉनराड को सभी प्रारुपों के लिए अपनी टीम का कोच बनाया है। पहले वह टेस्ट टीम के ही कोच थे। वहीं अब कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीम के भी कोच बने रहेंगे। । क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम का कोच पद संभल रहे कॉनराड को रॉब वाल्टर की जगह पर सीमित ओवरों की टीम को भी कोच बनाया गया है। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पछ छोड़ दिया था। अब नये कोच कॉनराड की पहली परीक्षा जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में होगी। सीएसए के राष्ट्रीय टीमों और हाई परफार्मेंस



निदेशक एनोच एनक्वे ने कहा, 'टेस्ट टीम के साथ शुकरी का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में टीम को काफी मजबूत किया है। इसलिए उन्हें सीमित ओवर के प्रारूप की जिम्मेदारी दी गयी है।

गौरतलब है कि कॉनराड कोच रहते ही दक्षिण अफ्रीका अपने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूयटीसी) फाइनल में पहुंच गया है। उसे 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स, लंदन में खिताब के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। वहीं कॉनराड ने कहा, 'मैं तीनों प्रारूपों में कोच की जिम्मेदारी मिलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हूं। सीमित ओवर प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ बेहतरीन कौशल वाले खिलाड़ी है। मुझे विश्वास है कि हमारे पास सफलता खास हासिल करने के लिए जो चाहिए वो है।

### अगले माह होगा 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**सेन डियागो, (ए.)।** 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट ये 14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। इसमें सात मैचों का ग्रुप स्टेज और प्लेऑफ फॉर्मेट होगा। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इसके लिए इनामी राशि घोषित कर दी है। इसमें कुल इनामी राशि 1 बिलियन डॉलर 32 प्रतिभागी क्लबों में वितरित की जाएगी। इसमें विजेता टीम को 125 मिलियन डॉलर तक जीतने का निर्धारित।अवसर मिलेगा। इसके अलावा वैश्विक क्लब फुटबॉल को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन डॉलर अलग रखे गए।

# कमेंटेटरों पर भड़के रोहित

**मुम्बई, (ए.)।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने साल के रोहित शर्मा ने देश के कमेंटेटर्स के तरीके में आये बदलाव की आलोचना की है। रोहित ने कहा है कि आज कल मसालेदार कमेंट्री ने खेल पर एक प्रकार से अधिकार सा जमा लिया है। रोहित ने कहा कि जिस तरह से भारत में आजकल कमेंट्री होती है उसमें और ऑस्ट्रेलिया में होने वाली कमेंट्री में फर्क नजर आता है। गौरतलब है कि रोहित कई बार कमेंटेटरों की आलोचना का शिकार हुआ हैं। रोहित ने कहा कि हम सब कुछ देखते हैं, हम एक-दूसरे से बात करते हैं। कभी-कभी जब हम टीवी पर मैच देख रहे होते हैं, तो कमेंटेटर जिस तरह की बातें करते हैं, वह ऑस्ट्रेलिया में देखी जाने वाली कमेंट्री से बहुत अलग होती है। ये बहुत निराशाजनक है पर मैं बहुत ईमानदारी से ऐसा कह रहा हूं। भारत में ऐसा लगता है कि वे सिर्फ एक खिलाड़ी को निशाना बनाना चाहते हैं और कमेंटेटर उसके बारे में बोलना चाहते हैं जो बहुत निराशाजनक है।



रोहित ने कहा कि खराब फॉर्म को लेकर किसी खिलाड़ी की आलोचना करना पूरी तरह से समझ में आता है। लेकिन कमेंटेटरों को पता होना चाहिए की उसकी सीमा कितनी होनी चाहिए। साथ ही कहा कि बहुत से लोग हैं जो खेल से प्यार करते हैं उन्हें मसाला नहीं चाहिए वे क्रिकेट देखना चाहते हैं। आज के समय में ऐसे कमेंटेअर खेल में बहुत मसाला डालते हैं। ऐसे क्रिकेट प्रेमी भी हैं जो खेल के बारे में ज्यादा जानना चाहते हैं और समझना चाहते हैं कि किसी खिलाड़ी का फॉर्म खराब क्यों है। वे व्यक्तिगत बातें नहीं सुनना चाहते। साथ ही कहा कि केवल इसलिए कि आपको बोलने का अधिकार है, इसका मतलब ये नहीं है कि आप कुछ भी बोलेंगे। रोहित ने आगे कहा कि, खिलाड़ियों का सम्मान करें। मैंने कुछ जगहों पर ये भी कहा कि जो भी इन विश्व कप का हिस्सा रहा है, वह बहुत सम्मान के हकदार है। रोहित को लगता है कि आज के समय में किसी खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन पर वास्तविक प्रतिक्रिया की जगह एजेंडा चलाने वाली आलोचना ने जगह ले ली है। उन्होंने कहा कि अगर हमने अच्छा नहीं किया है तो हम आलोचना के अधिकारी हैं और इसमें कोई समस्या भी नहीं है लेकिन किसी की आलोचना करने का एक तरीका होता है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी गिरावट रही

### - सेंसेक्स 880.34 अंक गिरकर 79,454.47 पर बंद- निफ्टी 265.80 अंक गिरकर 24,008 अंक पर बंद


**मुंबई, (ए.)।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति के बीच बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। हालां कि सप्ताह के आखिरी दिन घरेलू शेयर बाजार ने बीच में निचले स्तरों से रिकवरी भी दिखाने की कोशिश की फिर भी बाजार में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार को मजबूती के साथ खुले। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़कर खुला और 294.85 रुपये की तेजी के साथ 80,796.84 पर बंद हुआ। निफ्टी-50 मजबूत शुरुआत के साथ 24,400 के पार खुला और 114.45 अंक की उछाल के साथ 24,461.15 पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सपाट स्तर पर खुला। सेंसेक्स 13 अंक की मामूली गिरावट के साथ 80,783 पर खुला और 156 अंक गिरकर 80,641 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 3 अंक की बढ़त के साथ 24,467 पर खुला और 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,380 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 110.40 अंक की बढ़त के साथ




80,907.24 पर खुला और 155.77 अंक की गिरावट लेकर 80,641.07 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 इंडेक्स 39.60 अंक ऊपर 24,500.75 पर खुला और 81.55 अंक गिरकर 24,379.60 पर बंद हुआ। गुरुवार को ग्लोबल मार्केट से मिले मिले-जुले संकेतों और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला। बीएसई सेंसेक्स 165.56 अंकों की बढ़त के साथ 80,912.34 पर खुला और 411.97 अंक की गिरावट लेकर 80,334.81 पर बंद हुआ। निफ्टी 24,431.50 के स्तर पर खुला और 140.60 अंक गिरकर 24,273.80 पर बंद हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संकट बढ़ने की वजह से भारतीय शेयर बाजार हफ्ते में आखिरी ट्रेडिंग सेशन शुक्रवार को बड़ी गिरावट में खुले। सेंसेक्स शुक्रवार को बड़ी 1300 अंक से अधिक की गिरावट लेकर 78,968.34 पर खुला और 880.34 अंक (1.10 फीसदी) गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी बड़ी गिरावट के साथ 23,935.75 अंक पर खुला और 265.80 अंक (1.10 फीसदी) गिरकर 24,008 अंक पर बंद हुआ।

### वित्त वर्ष 2024-25 में सरकारी बैंकों का रिकॉर्ड मुनाफा

**नई दिल्ली, (ए.)।** सभी 12 सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2024-25 में एक नया इतिहास रचा है, जहां उन्होंने गणन रिकॉर्ड 1.79 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी अधिक है। इस उच्च लाभ कारण से बैंकों का शुद्ध मुनाफा बढ़ता जा रहा है, जिससे कारोबार में वृद्धि और बेहतर मार्जिन दर्शनीय है। यह मुद्दा मुख्य रूप से सरकारी बैंकों के एनपीए (अति कर्ज) को कम करने में मदद कर रहा है। सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली बैंक में से एक एसबीआई है, जिन्होंने अकेले 70,901 करोड़ रुपये का हिस्सेदारी लिया है। बैंक ऑफ बड़ौदा 19,581 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकार ने बैंकों को उबारने के लिए चार आर की रणनीति शुरू की है, जिसमें फिर से पूंजी डालने, पहचान करने, रिजॉल्यूशन और सुधार शामिल है। यह नई पहल सार्वजनिक बैंकों के लाभ में है और इससे एनपीए कम होने में मदद मिलेगी।



दुराजो से तिराना - अल्बानिया में गिरो डीइटालिया साइकिलिंग प्रतियोगिता के पहले चरण में लिडल - ट्रेक मैड्स पेडरसन ने स्टेज वन जीतने के लिए लाइन पार की।

## अप्रैल 2025 में टेस्ला ने कुल 58,459 यूनिट्स चीन से बाहर भेजीं

**नई दिल्ली, (ए.)।** चीन स्थित शंघाई फैक्ट्री से टेस्ला की लगातार सातवें महीने गाड़ियों का शिपमेंट घटा है। टेस्ला ने अप्रैल 2025 में मॉडल 3 और मॉडल वाय की कुल 58,459 यूनिट्स चीन से बाहर भेजीं, जबकि इसी दौरान चीन में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड गाड़ियों की मांग 42 फीसदी बढ़कर 11.4 लाख यूनिट्स तक पहुंच गई।

टेस्ला की बिक्री में गिरावट का एक बड़ा कारण चीनी कंपनी बीवायडी का उभार है। कभी एलन मस्क द्वारा खारिज की गई यह कंपनी अब टेस्ला को सीधी चुनौती दे रही है। अप्रैल में बीवायडी ने साल 2025 के लिए अब तक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की है और वह 55 लाख गाड़ियों की डिलीवरी के सालाना लक्ष्य को आसानी से पार कर सकती है। बीवायडी को वॉरेन बफे के बर्कशायर हैथवे का समर्थन प्राप्त है। टेस्ला के लिए यूरोप का प्रदर्शन भी अप्रैल में निराशाजनक रहा। यूके, जर्मनी, नीदरलैंड्स, स्वीडन और स्पेन जैसे बाजारों में उसकी बिक्री में भारी गिरावट आई है।

# ब्रिटेन- भारत ने किए एफटीए पर हस्ताक्षर, ट्रेड में होगी वृद्धि

**नई दिल्ली, (ए.)।** ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर तीन सालों से अधिक समय तक चली विस्तृत वार्ता पूरी हुई है। हाल ही में अधिकारिक तौर पर भारत और यूनाइटेड किंगडम ने एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते से साल 2040 तक दोनों देशों के बीच कुल एनुअल ट्रेड में 25.5 बिलियन पाउंड की वृद्धि होने का अनुमान है। यह 2024 में दोनों भागीदारों के बीच आदान-प्रदान किए जाने वाले मौजूदा 42.6 बिलियन पाउंड के सामान और सेवाओं पर आधारित है। एफटीए भारतीय एक्सपोर्ट को एक बड़ा बढ़ावा देता है, क्योंकि यूके भारत से आने वाले 99प्रतिशत सामानों पर टैरिफ हटा देगा।

आयात शुल्क हटाने से गारमेंट्स, मरीन फूड, लेदर प्रोडक्ट और ऑटो कंपोनेंट जैसे सेक्टर को सीधा लाभ मिलेगा। भारत के टैक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग के लिए यह ब्रिटिश बाजार में अधिक कॉम्पटेटिव खेल का मैदान तैयार करता है। इस बीच, भारत ने यूके के 90प्रतिशत निर्यात पर शुल्क कम करने पर सहमति व्यक्त की है, जो प्रमुख सेक्ट्र में क्रमिक लेकिन महत्वपूर्ण रियायतें प्रदान करता है। स्कॉच व्हिस्की पर मौजूदा 150प्रतिशत आयात कर को दस साल की अवधि में घटाकर 40प्रतिशत कर दिया जाएगा। ब्रिटिश निर्मित कारें, जिन पर वर्तमान में 100प्रतिशत से अधिक शुल्क लगता है, अब सिर्फ 10प्रतिशत कर लगाया जाएगा।

इससे भारत में हाई कैटेगरी के व्हीकल अधिक सुलभ हो जाएंगे।

इस प्रकार जगुआर लैंड रोवर, बेंटले, बीएमडब्ल्यू ग्रुप की मिनी, रोल्स-रॉयस और एस्टन मार्टिन जैसे ब्रांड जो देश में पूर्ण आयात के रूप में लाए जाते हैं, उनकी कीमतों में महत्वपूर्ण कटौती हो सकती है। यह समझौता व्यावसायिक गतिशीलता में भी सुधार करता है, मौजूदा इमिग्रेशन पॉलिसी को समायोजित किए बिना प्रॉफेशनल्स के लिए यात्रा प्रक्रियाओं को आसान बनाता है।

# भारत-पाक साइबर तनावः वित्त मंत्री ने दी सुरक्षा को प्राथमिकता

### - बैठक में वित्त मंत्री ने साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर सख्त निर्देश दिए

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ाने के बदलते माहौल में भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय क्षेत्र की सुरक्षा



को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। हाल ही में उन्होंने बैंकों, बीमा कंपनियों और रेगुलेटर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। इस बैठक में वित्त मंत्री ने साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर सख्त निर्देश दिए और बैंकों से अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा मजबूत करने का आदेश दिया। उन्होंने डेटा सेंटरों का नियमित ऑडिट कराने की भी पुष्टि की। इसके अलावा वित्त मंत्री ने बैंकों को दो अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया, एक अधिकारी साइबर सुरक्षा के मामलों की निगरानी और रिपोर्टिंग करेगा, जबकि दूसरा बैंक के सुचारू संचालन और एटीएम ऑपरेशन की सुनिश्चिति करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध रखना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में। उन्होंने सभी संबंधित संस्थानों को सतर्क रहने की आवश्यकता बताई और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए।इसके साथ ही, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने भी दिशा निर्देश जारी किए हैं जिसमें साइबर हमलों के खतरे को हावी होने से रोकने के लिए उचित सावधानियों की बताई गई है।

### पॉलीकैब के शेयरों में मामूली तेजी रही

**मुंबई।** पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड के शेयरों में मामूली तेजी देखने को मिली। शुक्रवार को कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर 0.14 फीसदी उछलकर 5,773 रुपये तक पहुंच गया। यह तेजी कंपनी द्वारा घोषित 35 रुपये हर शेयर पर डिविडेंड के बाद देखने को मिला है। यह डिविडेंड वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए घोषित किया गया है। फिलहाल रिकॉर्ड तिथि घोषणा अभी नहीं की है। लेकिन एजीएम में मंजूरी मिलने के बाद लाभांश का भुगतान एजीएम की बैठक की तारीख से 30 दिनों को भीतर किया जाएगा। कंपनी ने जनवरी-मार्च 2025 की तिमाही के नतीजे भी जारी किए हैं। इस तिमाही में पॉलीकैब का शुद्ध लाभ 35 फीसदी बढ़कर 727 करोड़ रुपये हो गया है।

# कुछ ऐसे जीव हैं जिनके पास नहीं होता है दिमाग





**लंदन, (ए.)।** पृथ्वी पर कुछ ऐसे जीव हैं जिनके पास दिमाग नहीं होता, फिर भी वे अपनी सभी जरूरतों को आसानी से पूरा कर लेते हैं। इन जीवों में दिमाग की तरह कोई केंद्रीय तंत्रिका केंद्र नहीं होता, लेकिन वे किसी तरह अपने जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में सक्षम होते हैं। कुछ जीव तो ऐसे भी होते हैं जो कुछ नया सीखने की क्षमता भी रखते हैं, जो उनके अद्वितीय तंत्रिका तंत्र को दर्शाता है। एक उदाहरण है कैरेबियन बॉक्स जैलीफिश, जो मुख्य रूप से कैरेबियन सागर में पाई जाती है। इन जैलीफिश में दिमाग नहीं होता, लेकिन इनके पास कुछ हज़ार न्यूरॉन्स होते हैं जो आंखों के पास समूह में स्थित होते हैं।

यह जीव किसी वस्तु से टकराने के बाद उसे पहचानने और उससे बचने की प्रक्रिया सीख सकते हैं। इसका तंत्रिका तंत्र इतना विकसित होता है कि यह सामूहिक रूप से कार्य करने की क्षमता रखता है। बीडलिट एनेमोन, एक अन्य समुद्री जीव, जो बिना दिमाग के होता है, भी अपने वातावरण में बदलाव के प्रति प्रतिक्रिया करता है। यह जीव किसी वस्तु के संपर्क में आने के बाद अपने व्यवहार को बदल सकता है, खासकर जब यह आक्रामकता के स्तर को पहचानता है। ब्रिटल स्टार्स, जो समुद्री स्टारफिश के रिश्तेदार हैं, अपने तंत्रिका तंत्र को प्रत्येक भुजा में स्वतंत्र रूप से नियंत्रित करते हैं।

इनके पास केंद्रीय तंत्रिका केंद्र नहीं होता, लेकिन यह अपनी भुजाओं के द्वारा सभी कार्यों को अंजाम देते हैं। सी स्क्वर्ट, जो एक साधारण समुद्री जीव होते हैं, अपने जीवन को चट्टानों से चिपके रहते हुए बिताते हैं। यह अपने तंत्रिका तंत्र के द्वारा पानी को अंदर और बाहर निकालते हैं और सूक्ष्म भोजन कणों को छानकर खाते हैं। अंत में, स्लाइम मोल्ड्स, जो न तो पौधे होते हैं, न ही जानवर और न ही फफूंद, भी बिना दिमाग के पहेलियों को हल करने, रास्तों को याद रखने और निर्णय लेने जैसी क्षमताएं रखते हैं।

## पाकिस्तान कर रहा परमाणु हमले की तैयारी? एनसीए की आपात बैठक बुलाई



**इस्लामाबाद, (ए.)।** भारत की एयरस्ट्राइक से बुरी तरह से बौखलाए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने एक और नापाक चाल चली है और परमाणु हमले का डर दिखाने की कोशिश कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल कमांड अथॉरिटी (एनसीए) की आपात बैठक बुलाई है। यह वही संस्था है जो पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से संबंधित फैसले लेती है। इस कदम ने न सिर्फ क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर संकट में डाल दिया है, बल्कि पाकिस्तान के इरादों पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

एनसीए पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का असली रिमोट कंट्रोल है। ये संस्था सीधे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के अधीन काम करती है और इसमें प्रधानमंत्री, सेनाध्यक्ष, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और टॉप सैन्य अधिकारी जैसे पाकिस्तान के सबसे ताकतवर लोग शामिल होते हैं। इसकी स्थापना 2000 में की गई थी, ताकि परमाणु हथियारों की सुरक्षा और इस्तेमाल पर एक सेंट्रल कमांड हो। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि परमाणु हथियार सिर्फ जरूरत पड़ने पर और पूरी प्रक्रिया के तहत ही इस्तेमाल किए जाएं। इस बैठक की पुष्टि करते हुए पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसान इकबाल ने एक न्यूज एजेंसी को बताया, हमें उम्मीद है कि भारत अब तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ेगा और बातचीत और कूटनीति की ओर बढ़ेगा। हम परमाणु सीमा पार होते देखना नहीं चाहते।

भारत के लिए एनसीए का महत्व इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की न्यूक्लियर पॉलिसी और उसका ऐक्शन इसी संस्था से तय होता है। किसी भी तनाव या युद्ध के हालात में यही तय करेगा कि पाकिस्तान कब और कैसे परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगाज मतलब ये है कि पाकिस्तान की परमाणु ताकत का असली 'रिमोट कंट्रोल' एनसीए है। वैसे पाकिस्तानी पीएम का यह कदम गीदड़भभकी से कम नहीं प्रतीत हो रहा। विश्लेषकों के अनुसार, जब पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब मिला और उसके सभी हमले फेल हो गए, तो अब वह परमाणु शक्ति का हवाला देकर क्षेत्र में डर और दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। पहले भी वह 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट हमले के बाद यह रणनीति अपना चुका है। इस बीच इस्लामाबाद में घबराहट का माहौल साफ देखा जा रहा है। खबर है कि पाकिस्तान सरकार ने ईंधन की किल्लत के चलते राजधानी के सभी पेट्रोल पंपों को 48 घंटे के लिए बंद रखने का आदेश दिया है।



पोप लियो-14 ने वेटिकन के सिस्टिन चैपल में मास का आयोजन किया।

## पाक सेना प्रमुख मुनीर को अमेरिका ने लगाया फोन, फिर बजी दिमाग की घंटी




**वॉशिंगटन, (ए.)।** दुनिया का सबसे शक्तिशाली कहा जाने वाला अमेरिका किसी भी देश को फोन करे तो हलचल मच जाती है। वो भी तब, जब दो देशों के बीच तनाव चल रहा हो। आधी रात को अमेरिका ने पाकिस्तान की सेना प्रमुख आसिम मुनीर को फोन लगा दिया। इसके बाद पाकिस्तान की घंटी बजी और तमाम मुद्दों पर सफाई देने की कोशिश की।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर को शुक्रवार को फोन किया और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को लेकर चिंता जताई। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, रुबियो ने दोनों देशों से तत्काल डी-एस्केलेशन (तनाव घटाने) की अपील की और अमेरिका की ओर से बातचीत बहाल कराने में मदद का प्रस्ताव भी रखा। पाकिस्तान इस वक्त अंदर से बुरी तरह टूट चुका है। शनिवार तड़के पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें एक मिसाइल स्टोरेज साइट भी शामिल थी। हालांकि, भारत सरकार या सेना की ओर से इसका कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, वे विशेषज्ञों के साथ लगातार सलाह-मशवरा कर रहे हैं और हर कदम बेहद सोच-समझकर उठाया जा रहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, हम जो भी कार्रवाई कर रहे हैं, वह विस्तृत रणनीति और गहन इनपुट पर आधारित है।


### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 5.3 तीव्रता का भूकंप, कई अन्य इलाकों में भी महसूस किए गए तेज झटके

**पेशावर, (ए.)।** आज शनिवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 5.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे पेशावर, स्वात, चित्राल, मलाकंद, मरदान, अपर दीर, खैबर और मोहमंद जैसे इलाकों में धरती हिल उठी। झटके महसूस होते ही दहशत में आए लोग घरों और इमारतों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में बताया गया है, जिसकी गहराई लगभग 230 किलोमीटर रही। राहत की बात यह रही कि भूकंप के झटकों से अब तक किसी जान-माल के बड़े नुकसान की कोई सूचना हासिल नहीं हुई है। प्रशासन ने हालांकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए, और कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई।



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने फ्रांस के नैन्सी में फ्रांसीसी-पोलिश मैत्री और रणनीति संधि पर हस्ताक्षर किए। मैक्रों और टस्क फ्रांस और पोलैंड के बीच मैत्री और बढ़े हुए सहयोग की संधि, फ्रांसीसी-पोलिश रणनीतिक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में नैन्सी में मिले।

## भारत-पाकिस्तान तनाव कम करने संवाद के लिए खोलें सीधे चैनल: अमेरिका



**वाशिंगटन, (ए.)।** भारत-पाक तनाव के बीच भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बातचीत की। इस बीच जयशंकर ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा संतुलित और जिम्मेदाराना रहा है और आज भी ऐसा ही है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत की और इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने सीधे बातचीत करने के तरीकों की पहचान करने की जरूरत है।

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से बात की है और भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने और संवाद के लिए सीधे चैनल खोलने की जरुरत पर बल दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने भविष्य में विवादों को टालने के लिए उत्पादक चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिकी समर्थन का प्रस्ताव रखा। इससे पहले रुबियो ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से भी बात की थी, जहां उन्होंने संयम और संवाद का आग्रह करते हुए ऐसा ही संदेश दिया था। दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसियों के बीच तनाव पिछले कई सालों में सबसे ज्यादा बढ़ गया है। मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद सीमा पार रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाया गया है, जिसमें एयरबेस

## अगर परमाणु युद्ध हुआ तो भारत-पाक के साथ आधी दुनिया हो जाएगी खत्म

### -बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवाएं, परिवहन और वित्तीय तंत्र हो जाएगा ध्वस्त



**वाशिंगटन, (ए.)।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। पहलगाम हमले के बदला लेने भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी क्षेत्र में आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर तबाह कर दिया था। वहीं पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने इस हमले को 'युद्ध की कार्रवाई' करार देते हुए चेतावनी दी है। इससे परमाणु हथियार संपन्न दोनों देशों के बीच युद्ध की आशंका गहरा गई है।

भारत की परमाणु नीति पहले इस्तेमाल नहीं करने की है यानी भारत तब तक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा जब तक उस पर पहले परमाणु हमला न हो। इसके उलट पाकिस्तान सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बात करता रहा है, ताकि पारंपरिक युद्ध में भारत की बढ़त को रोका जा सके। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिका के थिंक टैंक 'आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन' के मुताबिक भारत के पास करीब 172 और पाकिस्तान के पास 170 से 200 के बीच परमाणु हथियार हैं। यदि दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध हुआ तो इसके परिणाम बहुत ही खतरनाक होंगे।

अनुमान है कि पांच से साढ़े बारह करोड़ लोगों की तत्काल मौत हो सकती है, जबकि कई शहर पूरी तरह से नष्ट हो जाएंगे। बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवाएं, परिवहन और वित्तीय तंत्र पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा। परमाणु विस्फोट से पैदा होने वाला धुआं और आग का असर सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरी धरती की जलवायु को प्रभावित करेगा। सूर्य की रोशनी तक रुक जाएगी, जिससे वैश्विक स्तर पर तापमान में गिरावट और कृषि व्यवस्था चरमरा सकती है। अरबों लोगों को अकाल का सामना करना पड़ सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन हालात से उबरने में दशकों लग सकते हैं। भारत और पाकिस्तान ने 1991 में 'गैर-परमाणु आक्रमण समझौता' किया था, जिसके तहत वे एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं करेंगे, लेकिन वर्तमान तनावपूर्ण हालात इस समझौते की स्थायित्व पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं। ऐसे में परमाणु संयम और कूटनीतिक समाधान की जरुरत पहले से कहीं ज्यादा महसूस की जा रही है।

रिपोर्ट में फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स के मुताबिक दुनिया भर में केवल नौ देशों के पास परमाणु हथियार हैं। उनके पास 2025 की शुरुआत तक अनुमानित 12,331 हथियार हैं। इनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, उत्तर कोरिया, भारत, पाकिस्तान और इजराइल के पास परमाणु हथियार हैं। एफएएस ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास विश्व के कुल परमाणु हथियारों का करीब 88 फीसदी और सेना द्वारा इस्तेमाल के लिए 84 फीसदी हथियार हैं। एफएएस का कहना है कि अमेरिका अपने परमाणु भंडार को कम कर रहा है, जबकि फ्रांस और इजराइल के पास अपेक्षाकृत स्थिर भंडार है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि चीन, भारत, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान और ब्रिटेन और संभवतः रूस भी अपने भंडार में वृद्धि कर रहे हैं।

## पाक के 22 सैनिक ढेर-टीटीपी और बीएलए ने कर दिया नाक में दम

**इस्लामाबाद, (ए.)।** इस वक्त पाकिस्तान पर दोहरी मार पड़ रही है। इधर भारत के हमलों से परेशान है उधर बलूचिस्तान में पाक सैनिकों की सामुहिक हत्याएं हो रहीं हैं। दक्षिण वजीरिस्तान और बलूचिस्तान में आतंकी हमलों से पाकिस्तान की सेना हिल गई है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने गुरुवार रात दक्षिण वजीरिस्तान के शकाई उप-मंडल में डांगेट चौकी पर हमला कर 20 पाकिस्तानी सैनिकों को मार डाला। वहीं, बलूच विद्रोहियों ने बलूचिस्तान में हमले कर दो और सैनिकों को मार गिराया। इसके साथ ही, नूर खान (रावलपिंडी), रफीकी (शोरकोट), और मुरीद (चकवाल) एयरबेस पर भारतीय मिसाइल हमलों ने पाकिस्तान को तीन मोर्चों पर घेर लिया है। टीटीपी ने दक्षिण वजीरिस्तान के डांगेट चौकी पर कई चरणों में हमला किया। वार ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक हमले के पहले चरण में, लेजर राइफलों से छह सैनिकों को निशाना बनाया गया। इसके बाद, चौकी पर भारी और हल्के हथियारों से हमला हुआ। हमले के बाद मंतोई से भेजी गई सैन्य सहायता पर घात लगाकर अटैक किया गया, जिसमें दो सैन्य वाहन तबाह हो गए। टीटीपी का दावा है कि 20 सैनिक मारे गए और पांच घायल हुए। पांच राइफलों, एक रॉकेट लॉन्चर, नाइट विजन उपकरण और अन्य सैन्य सामग्री जब्त कर ली गई। टीटीपी ने पुष्टि की है कि उसका एक लड़ाका मुसाब में मारा गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीटीपी प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने हमले को जवाबी कार्रवाई बताया। उसका आरोप है कि जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर मुख्यालय की जानकारी पाकिस्तानी सेना ने भारत को दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने यहां हमला किया था, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के 10 परिजन समेत 14 लोग मारे गए थे। खुरासानी ने पाकिस्तान आर्मी को एक प्रोफेशनल किलर भी बताया। उसने कहा कि पाकिस्तानी सेना पश्चिम समर्थक और प्रोफेशनल किलर है। ओसामा बिन लादेन के मारे जाने का भी जिक्र खुरासानी ने किया है। बलूच विद्रोहियों ने भी बलूचिस्तान के तुरबत, क्वेटा और अन्य क्षेत्रों में हमले किए। तुरबत के डी बलोच क्षेत्र में ग्रेनेड हमले और क्वेटा के हज्जारगंजी व फैजाबाद में सैन्य चौकियों पर हमलों को अंजाम दिया गया।

## विशेष खबरें

### भारत के 83 फ़ीसदी लोगों ने जताया आत्मा पर भरोसा

**वाशिंगटन, (ए.)।** प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा दुनिया के 36 देशों में एक सर्वेक्षण कराया गया है। इस सर्वेक्षण में पेड़ पौधे जानवरों नदियों पहाड़ों आत्मा और आध्यात्मिक ऊर्जा के संबंध में सर्वे किया गया है। सर्वे में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन देशों में धर्म को बहुत ज्यादा नहीं माना जाता है। वहां पर भी आध्यात्मिक मान्यताएं काफी मजबूती के साथ स्वीकार की जाती हैं। जापान में 53 फ़ीसदी लोग मानते हैं, जानवरों में भी आत्मा होती है। जबकि 56 फ़ीसदी लोग मानते हैं कि प्रकृति में ही आध्यात्मिक ऊर्जा है। जापान में ज्यादा लोग धर्म से जुड़े हुए नहीं हैं। स्वीडन में 7 फ़ीसदी लोग ही धर्म को अहम मानते हैं। स्वीडन के 38 फ़ीसदी लोगों का मानना है.मृत्यु के बाद पुनर्जन्म होता है।

भारत के 82 फ़ीसदी लोगों ने माना है, धर्म उनके जीवन का आधार है। 91 फ़ीसदी लोगों का मानना है जानवरों पेड़ पौधों और वस्तुओं में भी आत्मा हो सकती है। भारत में 43 फीसदी लोग मृत्यु के बाद भी नया जीवन प्राप्त होता है। इस पर विश्वास करते हैं। 48 फ़ीसदी लोगों ने पुनर्जन्म की अवधारणा को स्वीकार किया है।

इस सर्वे में दुनिया भर के 18 साल से 34 साल के युवाओं को शामिल किया गया था। उनके बीच सर्वे के दौरान पुनर्जन्म जैसी मान्यताओं के संबंध में सवाल किए गए थे। इस सर्वे की सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही है। 50 साल से ज्यादा उम्र के लोग भी यही विश्वास व्यक्त करते हैं, जो 18 से 34 साल के युवाओं ने व्यक्त किया है।

### भूकंप ने बढ़ाई टेंशन, फिलहाल जान माल का नुकसान नहीं!

**काबुल, (ए.)।** पाकिस्तान पर जैसे हर तरफ से आफत टूटी पड़ी है। एक तरफ भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान की सिट्टी-पिट्टी गुम है, उधर आधी रात को जब लोग गहरी नींद में थे तभी धरती कांपी और पाकिस्तान के कई इलाकों में दहशत की लहर दौड़ गई। शनिवार रात 1ः44 बजे (भारतीय समयानुसार) पाकिस्तान की जमीन एक बार फिर कांप उठी। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 29.67 डिग्री उत्तर और 66.10 डिग्री पूर्वी अक्षांश-देशांतर पर, जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। यह हाल के हफ्तों में पाकिस्तान में आया चौथा भूकंप है। इससे पहले 5 मई को दो बार जमीन हिली थी, यह भूकंप पहले दोपहर 12ः35 बजे अफगानिस्तान में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया, फिर शाम 4ः00 बजे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चितराल जिले के पास झटके महसूस किए गए।

### टिम फ्रीडे ने खुद को कटवाया करीब 200 बार जहरीले सांपों से

**न्यूर्याक, (ए.)।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में रहने वाले टिम फ्रीडे ने खुद को अब तक करीब 200 बार जहरीले सांपों से कटवाया है। यह सब उन्होंने इसलिए किया ताकि इंसानों के लिए एक ऐसा एंटीवेनम तैयार किया जा सके, जो किसी भी सांप के ज़हर को बेअसर कर सके।

टिम का यह सफर 2001 में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार खुद को कोबरा से कटवाया था। उस वक्त उन्होंने ठान लिया था कि वे खुद को सांपों के ज़हर के प्रति इम्युन बना लेंगे, ताकि उनके शरीर में बनने वाली एंटीबॉडीज से दवा बनाई जा सके। टिम बताते हैं कि कोबरा का जहर जब शरीर में जाता है, तो ऐसा लगता है मानो हजारों मधुमक्खियां एक साथ डंक मार रही हों। इस दौरान दो बार उन्हें आईसीयू तक पहुंचना पड़ा और चार दिन कोमा में भी रहना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने मिशन को जारी रखा। उनका मानना है कि अगर वह इस ज़हर से जूझ सकते हैं, तो उनका खून इंसानों की जान बचाने वाला बन सकता है।

टिम की इस दीवानगी को बायोटेक कंपनी सेंटिवैक्स के सीईओ जैकब ग्लैनविल ने पहचाना, जो एक यूनिवर्सल एंटीवेनम बनाना चाहते थे। उन्हें ऐसे व्यक्ति की तलाश थी, जिसका इम्यून सिस्टम पहले ही ज़हर से लड़ चुका हो। टिम की एंटीबॉडीज को प्रयोगशाला में जांचा गया और उनमें एक ऐसी एंटीबॉडी पाई गई, जो ब्लैक मांबा और कई कोबरा प्रजातियों के ज़हर को बेअसर करने में सक्षम थी। इसके बाद वैज्ञानिकों ने इन एंटीबॉडीज से एक 'कॉकटेल' तैयार किया, जिसे चूहों पर आजमाया गया। परिणामों में यह कॉकटेल 13 तरह के ज़हरीले सांपों के ज़हर को पूरी तरह और 6 के ज़हर को आंशिक रूप से बेअसर करने में सफल रही।

### पाकिस्तान को आईएमएफ से मिल गई एक अरब डॉलर की भीख

**कराची, (ए.)।** गले तक कर्ज में डूबा पाकिस्तान ने फिर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख का कटोरा लेकर पहुंच गया है। आईएमएफ ने पाकिस्तान पर तरस खाकर एक अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी दे दी है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि ''प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए एक अरब डॉलर की किस्त को मंजूरी देने और उसके खिलाफ भारत की मनमानी रणनीति की विफलता पर संतोष व्यक्त किया। भारत ने इसके पहले पाकिस्तान के खराब रिकॉर्ड को देखकर आईएमएफ कार्यक्रमों के प्रभावी ढंग से लागू किए जाने पर चिंता जाहिर की थी। भारत ने आशंका जाहिर की थी कि आईएमएफ के इस ऋण का दुरुपयोग राज्य प्रायोजित सीमापार आतंकवाद के लिए किया जा सकता है।

आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर का नया ऋण दिए जाने के प्रस्ताव का भारत ने विरोध किया। भारत का यह विरोध उस समय में किया गया जब उसके और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष बढ़ गया है। भारत ने आईएमएफ के बोर्ड में अपना विरोध दर्ज कराया, जिसकी शुक्रवार को हुई बैठक में विस्तारित निधि सुविधा ऋण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। भारत ने आईएमएफ की महत्वपूर्ण बैठक में मतदान से परहेज किया।

### आर्थिक संकट मे फंसा पाकिस्तान, कर्ज़ 80 हजार अरब के पार

**इस्लामाबाद, (ए.)।** पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश पर कुल कर्ज़ 80 हजार अरब पाकिस्तानी रुपये से अधिक हो चुका है। महंगाई दर 30त्न के पार पहुँच गई है। जिससे आम जनजीवन त्रस्त है। आवश्यक वस्तुएँ जैसे आटा, दूध और दवाइयाँ आम लोगों की पहुँच से बाहर हैं। विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। रूपया डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है।

इस आर्थिक बदहाली के कई कारण हैं। लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता, कट्टरपंथ को बढ़ावा, सैन्य तंत्र का अत्यधिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति दर 22% पर स्थिर रखी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## जिले में पुराने कुँए करेंगे जल सहेजने का काम, वर्षा जल सहेजने के लिये हर ग्राम पंचायत में 4 - 4 कुँओं को रीचार्ज करने का लक्ष्य, अभियान के तहत नई संरचनाओं के साथ-साथ पुरानी जल संरचनाओं का हो रहा है जीर्णोद्धार, जल संरचनायें उपयोगी हों इसलिए जीआईएस तकनीक से किया गया है स्थल चयन



**ग्वालियर।** लम्बे समय तक पेयजल के प्रमुख स्त्रोत रहे ऐसे कुँए जो सूख चुके हैं वे अब वर्षा जल सहेजने में अहम भूमिका निभायेंगे। ग्वालियर जिले में सरकार द्वारा चलाए जा रहे ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत कुँओं के पुनर्भरण (रीचार्ज) का काम हाथ में लिया गया है। जिले की हर ग्राम पंचायत को 4 ङ्क 4 कुँए रीचार्ज करने का लक्ष्य दिया गया है। बहुत सी पंचायतों द्वारा यह काम शुरू कर दिया गया है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बड़े पैमाने पर पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के साथ-साथ नई संरचनायें बनाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने दिए हैं। इसके लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार के निर्देशन में सुनियोजित कार्ययोजना बनाई गई है। जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी श्री रविन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि ग्रामीण अंचल में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत 965 संरचनायें चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 895 संरचनाओं की स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही 880 संरचनाओं का काम भी शुरू हो गया है। जिले में 736 खेत तालाब बनाने का काम भी शुरू हो चुका है। इसके अलावा जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित 1393 विभिन्न प्रकार के पूर्व वर्षों के कार्यों का जीर्णोद्धार कराने का लक्ष्य भी रखा गया है। जिले में इस साल 15 नए अमृत सरोवर स्थल चिन्हित किए गए हैं, इनमें से 6 कार्यों की स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं का चयन जीआईएस तकनीक के आधार पर किया गया है, इससे ग्रामीणों को इन संरचनाओं का अधिकाधिक लाभ मिलेगा। बड़े पैमाने पर खेत तालाब व अमृत सरोवर का निर्माण, डगवैल रीचार्ज एवं पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का काम हाथ में लिया गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खासतौर पर मनरेगा (महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) से 400, 1000 व 3600 घन मीटर क्षमता के खेत तालाब मंजूर किए गए हैं। खेत तालाबों के स्थल चयन में सिपरी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। इस सॉफ्टवेयर की मदद से यह पता चल जाता है कि किस क्षेत्र में खेत तालाब बनाने पर पानी भरेगा और वह लम्बे समय तक टिकेगा। खेत तालाबों से जल स्तर तो बढ़ेगा ही, साथ ही क्षेत्रीय किसानों को सिंचाई की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा मछली व सिंघाड़ा पालन भी खेत तालाबों में कराया जायेगा। खेत तालाबों की मेढ़ों पर अरहर की बुवाई के लिये भी किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इससे उन्हें अतिरिक्त आय अर्जित होगी।

# जिले में खाद्य सामग्री, रसोई गैस एवं पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त भण्डारण

## अवैध भण्डारण व जमाखोरी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई, कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जारी किया आदेश, आवश्यक वस्तुओं की आमजन तक सहज उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस का पर्याप्त भण्डारण है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने आमजनों तक आवश्यक वस्तुओं अर्थात खाद्य सामग्री व रसोई गैस की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी एसडीएम एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को इस आदेश का पालन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले के सभी थोक, रिटेल व खाद्य पदार्थों का भण्डारण करने वाले व्यवसाइयों को साफतौर पर आदेशित किया है कि वे खाद्य पदार्थों की जमाखोरी न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए हैं कि जिले में खाद्य पदार्थों व रसोई गैस इत्यादि का पर्याप्त भण्डारण है। इसलिये वे आमजन तक खाद्य सामग्री की सहज उपलब्धता पर स्वयं नजर रखें। साथ ही अपने अनुविभाग क्षेत्र में खाद्य पदार्थों, डीजल, पेट्रोल व एलपीजी गैस के अवैध भण्डारण अर्थात जमाखोरी की सूचना मिलने पर तत्काल निरीक्षण कर संबंधित के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई करें। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने पेट्रोल पंप पर 24 घंटे 2000 लीटर डीजल और एक हजार लीटर पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक आगामी आदेश तक रखना सुनिश्चित करें। डीजल पेट्रोल की बिक्री बोतल अथवा अन्य पात्र में न किया जाए। आदेश में साफ किया गया है कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी एवं अवैध भण्डारण पाए जाने पर मोटर स्प्रिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल (प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश, चोर बाजारी निवारण व आवश्यक वस्तु प्रदाय आदेश, द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

# नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को किया नोडल नियुक्त

**मुरैना,कांस।** भारत सरकार गृह मंत्रालय के महानिदेशालय अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक के आदेशानुसार तथा मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव के द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत मॉक एक्सरसाइज के तहत आदेश जारी किये हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने नागरिक सुरक्षा के संबंध में सिक्योरिटी ड्रिल्स के तहत विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।जिसके तहत डिपोट एवं ट्रांसपोर्टेशन सर्विस के लिये क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुरैना श्रीमती अर्चना परिहार को नियुक्त किया है। कॉर्प्स डिस्पोजल सर्विस के लिये नोडल अधिकारी स्वास्थ्य अधिकारी होंगे। इसी प्रकार वेलफयर सर्विस के लिये डिप्टी कलेक्टर श्री वीरेन्द्र कटारे, रेस्क्यू सर्विस एवं साल्वेज सर्विस का नोडल जिला कमांडेंट होमगार्ड को नियुक्त किया है। फायर फाइटिंग सर्विस के लिये नोडल अधिकारी आयुक्त नगर निगम, वार्डन सर्विस के लिये नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, ट्रेनिंग सर्विस, एनसीसी/एनएसएस/एनवायकेएस/भारत स्काउटस एवं गाईडस के लिये नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री राजेन्द्र नाडिया, सायरन प्रीपेरडनेस के लिये नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, सप्लाई सर्विस के लिये नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री शिवम शर्मा होंगे। इनके सहयोग के लिये कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री एसएल बाथम, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संजीव शर्मा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे।केज्युल्टी सर्विस के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नियुक्त किया है उनके सहयोग के लिये सिविल सर्जन मुरैना और संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी रहेंगे। हेडक्वार्टर सर्विस के लिये अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया



**मुरैना,कांस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पदमेश उपाध्याय एवं सिविल सर्जन डॉ गजेन्द्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय मुरैना के नवीन भवन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य शिविर शुक्रवार को लगाया गया । कार्यक्रम में हाई रिस्क महिलाओं को पोषण आहार वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिसमें डॉ डी एस यादव आर एम ओ डिप्टी मीडिया ऑफिसर रामलली माहौर,समीक्षा तोमर उपस्थित रहीं, जिसमें डॉ वंदना निगम, डॉ पूजा शर्मा, डॉ सरिता राठौर स्त्री रोग विषेशज्ञ द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आई गर्भवती महिला व हाई रिस्क महिलाओं का परीक्षण व जांच कर इलाज किया गया ।हाईरिस्क की 12 महिलाओं को चिन्हित किया । आयरन सूक्रोज 13 महिला को लगाये गये। 01 महिला को ब्लड चढ़ाया गया। जीडीएम जांच 14 महिलाओं की ऊषा तोमर इन्चार्ज व रिजवाना वेग की देखरेख में किया गया ।प्रचार प्रसार के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को जागरूक भी किया गया।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर मिलेगी 20 प्रतिशत छूट

**ग्वालियर।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। इस आशय का निर्णय मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लिया गया है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह छूट एलवी उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। एल.वी.-1 घरेलू और एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट पीक ऑवर्स (सुबह) 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह एल.वी.-2ऱ् गैर-घरेलू और एल.वी.-4ऱ् एल.टी. औद्योगिक ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। उपरोक्त दोनों ही श्रेणियों में यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। वहीं स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें एल.वी.-1 घरेलू, एल.वी.-2 गैर घरेलू, एल.वी.-3 सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और एलवी-4 एलटी औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफ पीक/ सौर समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

# आईएसबीटी के लिये हुआ जमीन का गजट नोटिफिकेशन

## आईएसबीटी को सार्वजनिक उपयोग के लिये मिली 25 एकड़ जमीन

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर के स्वामित्व की गोला का मंदिर मुरैना लिंक रोड पर मल्लगढ़ा चौराहा, ईएफओ कार्यालय के समीप स्थित 25 एकड़ जमीन पर अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) घोषित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारी एवं संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री द्वारा जारी यह आदेश मध्यप्रदेश के राजपत्र में प्रकाशित हो गया है।

इसके साथ ही यह जमीन सार्वजनिक उपयोग के लिये विधिवत अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड को मिल गई है। जिस 25 एकड़ जमीन पर अंतर्राज्यीय बस स्टेण्ड घोषित हुआ है, उसमें से 6824.64 वर्गमीटर पर टर्मिनल भवन, 84 वाहनों के लिये आईडियल पार्किंग, 192 फ्यूचर एक्सपेंशन (24 एक्टिव पार्किंग एरिया व 44 आईडियल पार्किंग एरिया), 156 ईसीएस पार्किंग (इक्यूवेलेंट कार स्पेस), 54 दुपहिया वाहनों की पार्किंग, 130 चार पहिया वाहनों की पार्किंग, 2000 वर्गमीटर प्लाजा क्षेत्र, 4 शौचालय परिसर, 860 वर्गमीटर कार्यालय क्षेत्र, 1800 वर्गमीटर वेटिंग एरिया, 52 बसों के लिये बस-वे, 450 वर्गमीटर में ड्रायवर लाउंज, 20 सीटर टिकिट काउण्टर एवं 21 मीटर रो में सड़क की चौड़ाई शामिल है।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन संपन्न



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के कुशल मार्गदर्शन एवं विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 10 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह तहसील विधिक सेवा समिति जौरा, तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ में नेशनल लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । उक्त नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ माननीय श्रीमती संगीता मदान प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस शुभारंभ के अवसर पर माननीय श्रीमती संगीता मदान प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना, श्रीमान् अजय सिंह, विशेष न्यायाधीश मुरैना, श्रीमान् हितेन्द्र द्विवेदी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना एवं जिला मुख्यालय मुरैना के माननीय न्यायाधीशगण, श्री आशीष शर्मा, सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के साथ ही श्री पवन गुप्ता अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ मुरैना आदि मुख्य रूप से सम्मिलित रहे । आज दिनांक 10.05.2025 को कुटुम्ब न्यायालय मुरैना वर्ष 2023 एवं 2024 से लंबित भरण पोषण के प्रकरणों में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री हितेंद्र द्विवेदी जी की समझाईश पर दो प्रकरणों में पति-पत्नी आपसी मन-मुटाव को भूलकर साथ जाने के लिये सहमत होकर अपने भावी जीवन को हंसी खुशी व्यतीत करने के लिये साथ-साथ गये ।

प्रकरण ग्राम जौरी थाना सिविल लाईन मुरैना के श्रीमती रानी (काल्पनिक नाम) का अपने पति नीरज (काल्पनिक नाम) के साथ भरण पोषण का विवाद विचाराधीन था, जो वर्ष 2022 से लंबित था । उभयपक्ष के मध्य पीठासीन अधिकारी श्री हितेन्द्र द्विवेदी द्वारा पक्षकारों को आपसी सहमति से अपना पारिवारिक जीवन खुशहाल रहने हेतु समझाईश दी जा रही थी, इसी दौरान माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय, श्रीमती संगीता मदान लोक अदालत की समीक्षा करते हुये न्यायालय कक्ष में पहुंची तो उनके दोनों पक्षों को 10-15 मिनट अपना पारिवारिक जीवन खुशहालीपूर्वक और हर्ष उल्लास से जीने की समझाईश दी गयी और साथ-साथ जीवन जीने के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये और माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय, श्रीमती संगीता मदान के अथक प्रयासों से और उनकी समझाईश के पश्चात दोनों पति-पत्नी राजीखुशी एक- दूसरे यह बचन करते हुये कि वह भविष्य में अपना जीवन खुशहालीपूर्वक जीयेगें। एक-दूसरे को माला पहनाकर न्यायालय से राजी खुशी रवाना हुये। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय, श्रीमती संगीता मदान, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना श्री हितेंद्र द्विवेदी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना श्री अमित प्रताप सिंह द्वारा सामूहिक रूप उन्हें एक पौधा भी भेंट किया गया ! द्वितीय प्रकरण प्रेम नगर जौरा खुर्द मुरैना के श्रीमती आयेशा (काल्पनिक नाम) का अपने पति सलमान (काल्पनिक नाम) के साथ भरण पोषण के विवाद को लेकर था, जो वर्ष 2023 से लंबित था। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना श्री हितेंद्र द्विवेदी की समझाईश पर पति-पत्नी दोनों हसी खुशी साथ-साथ गये । प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना श्री हितेंद्र द्विवेदी द्वारा उन्हें आपस में माला पहनवाई गयी तथा एक पौधा आपसी प्रेम को आगे बढाने के लिये भेंट स्वरूप दिया गया । तृतीय प्रकरण दत्तपुरा मुरैना के श्रीमती पूजा (काल्पनिक नाम) का अपने पति रोहित (काल्पनिक नाम) के साथ भरण पोषण के विवाद को लेकर था, जो वर्ष 2024 से लंबित था। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना श्री हितेंद्र द्विवेदी की समझाईश पर पति-पत्नी दोनों हसी खुशी साथ-साथ गये ।

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना श्री हितेंद्र द्विवेदी द्वारा उन्हें आपस में माला पहनवाई गयी तथा एक पौधा आपसी प्रेम को आगे बढाने के लिये भेंट स्वरूप दिया गया। न्यायालय श्री कमलेश साहू, जिला न्यायाधीश मुरैना के समक्ष प्रचलित प्रकरण क्रमांक 10बी / 23 सिविल वाद राकेश सोनी विरूद्ध अम्बाह शक्ति में न्यायालय द्वारा प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से निराकरण कर राशि रू04 करोड 06 लाख की राशि आवार्ड की गई इसके साथ ही सिविल निष्पादन में प्रकरण क्रमांक 68 / 23 पुष्पा विरूद्व वैभव जैन का राजीनामा के माध्यम से नेशनल लोक अदालत में निराकरण कर राशि रू 52 लाख की राशि अवार्ड की गई । इस नेशनल लोक अदालत हेतु जिला मुख्यालय मुरैना में 15 एवं तहसील मुख्यालय अम्बाह 07, जौरा 09 एवं सलगढ़ 06 इस प्रकार कुल 37 खण्डपीठें गठित की गई थी ।

नेशनल लोक अदालत में इन खण्डपीठों के समक्ष निराकरण हेतु न्यायालयों में लंबित 706 प्रकरण रखे गये थे, जिनमें से कुल 590 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिनमें समझौता राशि 73401544 /- रूपये है। साथ ही प्रिलिटिगेशन के भी कुल 1136 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये, जिनमें 1105 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिनमें समझौता राशि 21708327 /- रूपये है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 1695 प्रकरणों का निराकरण हुआ ।

# आपात स्थिति से निपटने के लिये एहतियात बतौर जिले के कस्बों व ग्राम स्तर तक तैयारी

## डबरा में हुई सिविल सोसायटी की बैठक, प्रतिनिधियों ने कहा कि हर स्थिति से निपटने के लिये तैयार है डबरा



**ग्वालियर।** जिले में हर प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिये एहतियात बतौर ग्वालियर शहर से लेकर अन्य कस्बों व ग्रामीण स्तर तक तैयारियाँ की जा रही हैं। इस सिलसिले में शनिवार को डबरा में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरी की अध्यक्षता में सिविल सोसायटी की बैठक आयोजित हुई। आपात स्थिति के लिये डबरा राजस्व अनुविभाग की कार्ययोजना पर बैठक में गहन विचार मंथन हुआ। कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिये सभी प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों ने आपात स्थिति से निपटने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही कहा कि डबरा शहर विषम से विषम परिस्थिति से निपटने के लिये पूरी तरह तैयार है। कृषि उपज मंडी समिति डबरा के परिसर में आयोजित हुई बैठक में व्यापारीगण, रेडक्रॉस समिति, लायंस क्लब व रोटरी क्लब के सदस्यगण, समाजसेवी, विद्यार्थी परिषद के सदस्य, मैरिज गार्डन संचालक, स्कूल संचालक, डीजे यूनियन के सदस्य शामिल हुए। साथ ही तहसीलदार डबरा श्री दिव्यदर्शन शर्मा एवं सीएमओ नगर पालिका डबरा, जनपद पंचायत के सीईओ, बीएमओ, बीआरसीसी, बीईओ व विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी शामिल हुए।

# सीएम राइज एवं उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों के लिए संभाग स्तरीय आनंद सभा कार्यशाला का शुभारंभ



**ग्वालियर।** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग भोपाल एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर श्री दीपक पांडे के निर्देशन में श्रीमंत माधराव सिंधिया श्रमोदय विद्यालय ग्वालियर में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सीएम राइस एवं उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षकों के लिए सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर आधारित छह दिवसीय आनंद सभा कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आनंद सभा कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में सही समझ एवं सही भाव को विकसित करना जो कालांतर में छात्र-छात्राओं में विकसित हो सके। आत्म निरीक्षण, कल्पनाशीलता, इच्छा, भाव, विचार, आशा, सुख-दुख की पहचान और समग्र अस्तित्व में अपने स्थान को समझना जैसे विषयों पर चिंतन संवाद प्रक्रिया को मुख्य प्रबोधक सुश्री प्रियदर्शनी एवं सहायक प्रबोधक सुश्री अर्जिता द्विवेदी द्वारा समझाया जा रहा है। यह समस्त प्रक्रिया सहज स्वीकृति पर आधारित है, जिसमें परस्पर संबंधों की गहराई को अनुभव किया जा सकेगा। इस प्रशिक्षण शुभारंभ सत्र में उप संचालक शिक्षा श्री हरिओम चतुर्वेदी, सहायक संचालक श्री अरविंद कुमार झा, स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक आनंद श्री प्रदीप महतो व नवोदय विद्यालय प्राचार्य सुश्री नीलमा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2025

## अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 8730 मी. पर जंगल सफाई कार्य किया



**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन ए.बी.सी. उपसंभाग क्र.1 सबलगढ के अमीन श्री सोनबीर सिंह भदौरिया, श्री लिजो, एवं श्री श्याम बाथम कण्डेक्टर तथा अन्य विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 8 मई 2025 को अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 8730मी. पर जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

# पॉलिटेक्निक में प्रवेश पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 जून तक

**मुरैना,कांस।** डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मुरैना में अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी एवं अन्य सभी वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी कक्षा 10 वीं के अंकों के आधार पर इलेक्ट्रिकल इंजी./ मैकेनिकल इंजी. कंप्यूटर साइंस इंजी./ इलेक्ट्रॉनिक्स टेलीकम्युनिकेशन इंजी. त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में MP ONLINE KIOSK (http://dte.mponline.gov.in) के माध्यम से प्रवेश की काउंसलिंग हेतु ऑनलाइन पंजीयन / रजिस्ट्रेशन 01 जून 2025 तक आमंत्रित किए गये है।छात्र काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिए किसी भी जानकारी के लिए संस्था में आकर सम्पर्क कर सकते है। कॉलेज के प्राचार्य इंजी. श्री मनोज कुमार सक्सेना द्वारा बताया कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के छात्रों को संस्था में निःशुल्क छात्रावास, निःशुल्क भोजन, निःशुल्क स्टेशनरी × पुस्तकें, छात्रवृति 1000/- प्रति माह प्रति छात्र आदि उपलब्ध विशेष सुविधाएँ प्रदाय की जाती है। छात्रों के विकास हेतु संस्था में खेलकूद, योग एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। उच्च प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है। प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा छात्रों को 100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट कराया जाता है। प्रवेश से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए सम्पर्क करें। अधिक जानकारी के लिए 9926294054, 9826263208, 9098718415 इन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं ।

# उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में हुआ नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**ग्वालियर।** मुख्य न्यायाधिपति / मुख्य संरक्षक, म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन तथा न्यायमूर्ति श्री आनंद पाठक, प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के मार्गदर्शन में शनिवार को म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलनों से वित्तीय मितव्ययता को मिल रहा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## लाड़ली लक्ष्मी और कन्यादान जैसी योजनाएं कुशलतापूर्वक हो रहीं संचालित- केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान

**मुख्यमंत्री सीहोर के भेरूंदा में 572 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए शामिल**

**मुख्यमंत्री ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र में 170.42 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन**




**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री काल में मध्यप्रदेश बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में आत्मनिर्भर बना। प्रदेश के गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा है। यह सिर्फ सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रसंग नहीं है, आज यहां बुधनी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए 170.42 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी हुआ है। यह इस क्षेत्र के विकास की ओर बढ़ाया गया एक और नया कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भेरूंदा स्थित ग्राम पिपलानी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में क्षेत्रीय जनजातीय (गोंड) समाज के 572 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले बेटियों का विवाह कठिन प्रसंग होता था। बेटी की शादी के लिए गरीबों और किसानों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले चंदा जुटाकर गरीब कन्याओं का विवाह कराने की शुरुआत की। बाद में शासन स्तर पर योजना तैयार की गई और सामूहिक विवाह सम्मेलनों की शुरुआत हुई। आज समाज का हर वर्ग इस योजना के जरिए न केवल फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से बच रहा है, वरन् सामूहिक विवाह सम्मेलनों से समाज में वित्तीय मितव्ययता की प्रवृत्ति को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। सनातन समाज में विवाह केवल दूल्हा-दुल्हन का रिश्ता नहीं है, यह दो परिवारों के लिए भी एक नए संबंध की शुरुआत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुधनी में फोरलेन, मेडिकल कॉलेज और गारमेंट कारखाने स्थित हैं। सलकनपुर में देवीलोक का विकास कार्य भी प्रगति पर है। शुक्रवार को ही दमोह के बांदकपुर में भी देवश्री जागेश्वर महादेव लोक का भूमि-पूजन किया गया है। हमारी सरकार केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रारंभ सभी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। बुधनी क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है, जिसमें किसानों को 25 से 33 प्रतिशत अनुदान भी मिल रहा है। प्रदेश में दूध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने हर ब्लॉक में एक गांव को आदर्श वृंदावन ग्राम बनाने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत एक शक्ति संपन्न देश है, जो किसी भी दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार नहीं तीन-तीन बार सर्जिकल स्ट्राइक की हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर बहनों का सुहाग उजाड़ा है। अब ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी और उनके ठिकानें ध्वस्त किए जा रहे हैं। भारत की शक्ति को दुनिया देख रही है।

**भारत अद्भुत देश है, शहनाई के साथ सीमा पर नगाड़े भी बज रहे - केंद्रीय मंत्री श्री चौहान**

केंद्रीय कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत देश अद्भुत है, जहां शहनाइयों के साथ-साथ सीमा पर नगाड़े भी बज रहे हैं। भारत की ओर कोई आंख उठाकर देखेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे नवदम्पत्ति भी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। विवाह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें मिलकर चलना पड़ता है। बेटियों के साथ संकल्प लीजिए कि हम सब देशवासी सरकार और सेनाओं का साथ देकर उनका मनोबल बढ़ायेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना और कन्यादान योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाएं बखूबी संचालित हो रही हैं, जो पिछली सरकार में शुरू की गई थीं।

# फूलबाग मैदान में कौशिक महाराज की शिवपुराण कथा की तैयारियों को लेकर विधायक डॉ.सिकरवार आज करेंगे स्थल निरीक्षण

## कथा 14 से भव्य कलश यात्रा निकलेगी

**ग्वालियर,नसं.।** गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला द्वारा फूलबाग मैदान पर 14 से 23 मई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर कार्यक्रम संयोजक एवं विधायक डॉ.सतीश सिकरवार कथा स्थल फूलबाग मैदान पर 11 मई को प्रातः 11 बजे अन्य सहयोगियों के साथ निरीक्षण करेंगे और चल रहीं तैयारियों को देखेंगे। बतादें कि 14 मई को दोपहर 3 बजे से 51 सौ कलश की भव्य कलश यात्रा सनातन धर्म मंदिर से आरंभ होकर जयेन्द्रगंज, गुरूद्वारा, डी.डी. मॉल होते हुये फूलबाग मैदान पहुंचेगी।

# बिना वैध कारण के अलार्म चेन पुलिंग करने वालों पर झांसी मंडल सख्त

## जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 के मध्य 510 लोगों को गिरफ्तार कर 1.13 लाख रुपये का लगाया गया अर्थदंड



**झांसी।** ट्रेनों में अनावश्यक रुप से अलार्म चेन पुलिंग (ACP) करने वालों के खिलाफ झांसी मंडल सख्त रवैया अपनाता है। इन घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान भी चलाया जाता रहा है। जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 के मध्य मंडल में 510 चेन पुलिंग के मामले दर्ज किए गए। इस दौरान 510 लोगों को गिरफ्तार कर कुल 1.13 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस अभियान का उद्देश्य रेल सेवाएं का समय पर संचालन और यात्रियों को अनावश्यक असुविधा से बचाना है। स्टेशनवार आंकड़ों के अनुसार, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर 91 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सभी की गिरफ्तारी हुई और 11,475 रुपये का जुर्माना वसूला गया। ग्वालियर स्टेशन पर 208 मामलों में सभी यात्रियों को गिरफ्तार कर 33,400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। मुरैना स्टेशन पर 56 मामलों में सभी यात्रियों को गिरफ्तार कर 22,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। बांदा स्टेशन पर 28 मामलों में सभी यात्रियों की गिरफ्तारी हुई और 16,100 रुपये जुर्माना वसूली की गई। उरई स्टेशन पर 11 मामलों में सभी यात्रियों को गिरफ्तार कर 200 रुपये की जुर्माना वसूली की गई। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि चेन पुलिंग की अवैध गतिविधि ट्रेनों के सुचारू संचालन में बाधा डालती है और यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालती है। इसे रोकने के लिए मंडल द्वारा सख्त कदम निरंतर उठाए जा रहे हैं। यात्रियों से अपील है कि अनावश्यक चेन पुलिंग न करें और यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें। चेन पुलिंग का दुरुपयोग न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि अन्य यात्रियों को भी असुविधा पहुंचाता है।

# भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का होगा आयोजन

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन सुभाष चौक से सेंटर पॉइंट, मैरिस रोड होते हुए कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर तक होगा



**अलीगढ,ब्यूरो।** भारतीय सेना के साहसिक एवं सफल ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में जिले में भव्य ''भारत शौर्य तिरंगा यात्रा '' का आयोजन 11 मई को प्रातः 8 बजे से किया जा रहा है। यह यात्रा देशभक्ति, एकता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगी। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सुभाष चौक से सेंटर पॉइंट मैरिस रोड से कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर तक किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, एनसीसी, सिविल डिफेंस नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएँ, सामाजिक संगठनों एवं आमजन भाग लेंगे।

यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए कल्याण सिंह हैबेटेट सेंटर पर सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत आयोजन को सफल बनाएं। तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु समुचित प्रबंध किए गए हैं।

सीडीओ, एडीएम सिटी, एस पी यातायात, एएसपी, पीडी डीआरडीए, सहायक नगर आयुक्त, बीएसए, डीपीआरओ, एडीआईओएस, आपूर्ति निरीक्षक, सिविल डिफेंस, यातायात निरीक्षक एवं एडी इन्फॉर्मेशन ने कलक्ट्रेट में बैठकर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा आयोजन की रूपरेखा निर्धारित की।

# द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारंभ



**धौलपुर ब्यूरो।** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर अरुण कुमार अग्रवाल के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय राष्टीय लोक अदालत का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्जलित करके किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर रेखा यादव ने बताया कि धौलपुर जिले में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है। धौलपुर मुख्यालय पर 5 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें स्थायी लोक अदालत धौलपुर एवं उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग धौलपुर के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 1, मोटर दुर्घटना दावा आधिकरण हेतु बैंच संख्या 2, न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटु के प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 3, प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों हेतु बैंच संख्या 4 गठित की गई है, इसी प्रकार सैंपऊ मुख्यालय हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ की बैंच संख्या 5 गठित की गई है, बैंच संख्या 6 प्रो-बोनो न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1/2/3, जेजेबी धौलपुर के प्रकरणों की सुनवाई हेतु गठित की गई है। ताल्लुका बाड़ी मुख्यालय पर 4 बैंचों का गठन किया गया है जिसमें बैंच संख्या 1 सेशन न्यायालय एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों हेतु, बैंच संख्या 2 मजिस्ट्रेट न्यायालयों बाड़ी हेतु गठित की गई है एवं बैंच संख्या 3 न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेडी के लिए गठित की गई है एवं बैंच संख्या 4 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सरमथुरा के लिए गठित की गई है। ताल्लुका राजाखेड़ा मुख्यालय हेतु बैंच संख्या 1 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा के लिए गठित की गई है। सचिव ने बताया कि राष्टीय लोक अदालत हेतु धौलपुर जिले में विभिन्न न्यायालयों में लंबित 5667 प्रकरणों को चिन्हित किया गया। जिले में स्थित विभिन्न न्यायालयों में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण 589 एन.आई.एक्ट के 34 राशि 3389860 धन वसूली के 8 राशि 347018 प्रकरण, अन्य सिविल मामले 20 राशि 71976 एम.ए.सी.टी के 54 राशि 38685854 वैवाहिक विवाद 21, भरण-पोषण 110, राशि 2948250 जनउपयोगी सेवाओ संबंधी विवाद 13, उपभोक्ता फोरम के 8 राशि 1825000 समस्त राजस्व मामले 2977 निरोधात्मक कार्यवाही के 657 इस प्रकार कुल 4491 लंबित मामलों का निस्तारण राष्टीय लोक अदालत में किया जाकर कुल 47267958/- रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन के बैंक ऋण, टेलिफोन बिल के विवाद व अन्य सिविल विवाद के कुल 2081 प्रकरण निस्तारित किये गये। पारिवारिक न्यायालय धौलपुर के एक प्रकरण के दोनों पक्षकारों (पति-पत्नि) के मध्य शादी के बाद ही मन-मुटाव चालू हो गया। दम्पत्ति के मध्य लोक अदालत की भावना से पक्षकारों के मध्य समझाइश कराई गई। समझाइश सफल रही जिसके फलस्वरूप दंपत्ति ने पुनः एक साथ रहने के लिए राजी हुए तथा उन्हें बैंच के समक्ष दम्पत्ति को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनके सुखमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई, जिसके लिए पक्षकारों ने लोक अदालत बैंच का आभार व्यक्त किया। एमएसीटी न्यायालय धौलपुर के एक प्रकरण में प्रकरण एमएसी नं. 227/2024 हेतराम बगैरा बनाम नितिन बगैरा था जिसमें मृतक हरेन्द्र सिंह मथुरिया की मृत्यु बाबत क्षतिपूर्ति राशि हेतु उसके परिवारीजन हेतराम द्वारा यह क्लेम याचिका दर्ज हुई। लोक अदालत के माध्यम से बीमा कंपनी व प्रार्थी के अधिवक्ता के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा किया जाकर प्रकरण में 40,00,000/- रू का अवार्ड पारित किया जाकर निस्तारण किया गया। जिसके लिए पक्षकारों ने लोक अदालत बैंच का आभार व्यक्त किया। लोक अदालत के दौरान न्यायिक अधिकारी स्थाई लोक अदालत धौलपुर सुरेश प्रकाश भट्ट, न्यायाधीश एमएसीटी धौलपुर सुश्री प्रीति नायक, श्रीमती शैला फौजदार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, सुश्री सुमन मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट धौलपुर, श्रीमती साधना शर्मा उपखंड अधिकारी धौलपुर, अध्यक्ष अभिभाषक संघ धौलपुर प्रशांत हुण्डावाल, अधिवक्तागण अरुण राणा, ममता गोस्वामी, रंजीत सिंह, मुकेश सिकरवार, सर्वेश मिश्रा, प्रमोद शर्मा, दीपक सिकरवार, स्थाई लोक अदालत के सदस्य अधिवक्तागण वीरेंद्र उपाध्याय, रामदत्त श्रोती आदि उपस्थित रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

L. No. JHS-ELG-W-T-30-2024-25 दिनांक: 09.05.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

निविदा राशि: ₹ 29,47,464/- मात्र | बयाना राशि: ₹ 59,000/- मात्र

निविदा बंद होने की तिथि: 02.06.2025 (15:00 बजे तक)

http://www.ireps.gov.in पर देखें।

805/25 (MC)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक पहुंचकर किया शहीदों को नमन

**भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अब भारत त्वरित गति से शत्रुओं को ठिकाने लगाने में सक्षम है**



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार की शाम भोपाल के शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शौर्य स्मारक परिसर में स्थित भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी के अलावा श्री राहुल कोठारी, श्री आशीष अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सफलता के लिए समस्त राष्ट्रवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत उन राष्ट्रों में शामिल है जो त्वरित गति से दुश्मनों से निपट सकता है। भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन पर आज यहां शौर्य स्मारक परिसर में उपस्थित महिलाओं और बच्चों के हाथ में तिरंगा देखकर उन्हें प्रसन्न और गर्वित होते हुए देखना आनंद का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में निरपराध लोगों की नृशंस हत्याएं कीं। उनकी पीठ के पीछे पाकिस्तान बैठा था। वह जमाना गया जब आतंकी समझते थे कि वे पाकिस्तान में महफूज होंगे। अब पाकिस्तान की सेना भी त्राहिमाम कर रही है। भारत ने 6 और 7 मई की रात्रि को शत्रु के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उनके दांत खट्टे कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने तीसरी बार यह सेना के शौर्य का एहसास किया है। पहली बार सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को उसके घर के अंदर घुसकर मारा। हमारे जवान अपने टारगेट को खत्म करके सकुशल वापस लौटे। दूसरी बार में पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्राइक की। तब पाकिस्तान ने एक भारतीय पायलट अभिनंदन जी की सकुशल भारत वापसी करवाई। अब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के अन्य क्षेत्रों में जहां आतंक की फैक्ट्री चल रही थीं, निर्णायक कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीनों सेनाओं को कार्रवाई की खुली छूट दी गई। पाकिस्तान के ड्रोन और अन्य हथियारों का खात्मा कर भारतीय सैन्य बलों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में बीते 10 वर्षों में भारत ने रक्षा सहित हर क्षेत्र में प्रगति की है। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत विश्व में 5वें स्थान पर आ गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय सेना को आधुनिक जरूरत और हथियारों से लैस किया है। इनमें राफेल लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के शौर्य का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस घटनाक्रम से दुनिया के अंदर भारत की साख बढ़ी है और वे हमारी शक्तियों से परिचित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार भी अपने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। यह समय सेना के साथ खड़े होने का है इसीलिए हमारी सरकार ने तिरंगा यात्रा निकालने का फैसला लिया।

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 05559/05560 रक्सौल जं.-उधना जं. विशेष रेलगाड़ी**

| 05559 रक्सौल जं.-उधना जं. | | | 05560 उधना जं.-रक्सौल जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05.30 | रक्सौल जं. | 00.15 | -- |
| 16.30 | 16.35 | कानपुर सेन्ट्रल | 12.30 | 12.35 |
| 20.30 | 20.35 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 08.15 | 08.20 |
| 21.30 | 21.32 | ललितपुर | 06.18 | 06.20 |
| 12.35 | -- | उधना जं. | -- | 15.35 |

रक्सौल जं. से-गाड़ी सं. 05559 (प्रत्येक शनिवार) दि.:17.05.25 से 26.07.25

उधना जं. से-गाड़ी सं. 05560 (प्रत्येक रविवार) दि.: 18.05.25 से 27.07.25

संरचना: वाता. तृतीय श्रेणी-06, स्लीपर श्रेणी -07, वाता. द्वितीय श्रेणी-02, सामान्य श्रेणी 04

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 808/25 FA

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-13 | कार्य की लागत: ₹26,05,801.58 |
| ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-14 | कार्य की लागत: ₹1,14,41,[illegible] |
| ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-[illegible] | कार्य की लागत: ₹7,53,16,378.00 |
| ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-[illegible] | कार्य की लागत: ₹1,38,71,447.69 |

निविदा बन्द दिनांक: सभी निविदाओं के लिये "02.06.2025"

www.ireps.gov.in

804/25(A)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।